जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 17 संख्याः 262 प्रभात हिण्डौन सिटी, शनिवार 26 जुलाई, 2025 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## सरकारी स्कूल की बिल्डिंग गिरी, 7 बच्चों की मौत, 28 घायल

### मनोहरथाना के पिपलोदी में आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम लगाया व पुलिस की गाड़ियाँ तोड़ीं

- आठवीं कक्षा की छात्रा ने बताया कि छत से छोटे पत्थर व रेत गिरने लगी, शिक्षकों को बताया तो उन्होंने डांट कर बैठा दिया और खुद बाहर बैठकर पोहे-जलेबी का नाश्ता करने लगे, तभी इमारत भरभरा कर गिर गई और 35 बच्चे दब गये।
- आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक व घायल बच्चों के परिजनों को मुआवज़ा तथा भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्यवाही की माँग की। शिक्षा विभाग ने पाँच शिक्षकों को निलम्बित किया।

झालावाड़, 25 जुलाई (निसं)। राजस्थान के झालावाड़ में सरकारी स्कूल की बिल्डिंग का एक हिस्सा गिरने से 7 बच्चों की मौत हो गई है, और 28 बच्चे घायल हो गए हैं, जिनमें से 9 की हालत गंभीर है। शुक्रवार सुबह मनोहरथाना ब्लॉक के पिपलोदी सरकारी स्कूल की इमारत ढह गई, जिसमें 35 बच्चे दब गए। ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मलबा हटाकर बच्चों को निकाला और अस्पताल पहुँचाया।

मनोहरथाना हॉस्पिटल के अनुसार, 5 बच्चों की मौत मौके पर ही हो गई थी, और 2 बच्चों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे को लेकर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, "इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित छात्रों और उनके परिवारजनों के साथ हैं।"

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट किया: "राजस्थान के झालावाड़ में एक स्कूल में हुई दुर्घटना दुखद और अत्यंत पीड़ादायक है। इस कठिन घड़ी में मेरी संवेदनाएं प्रभावित छात्रों और उनके परिवारों के साथ हैं। घायल छात्रों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। प्रशासन प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा है।"

पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है, ग्रामीण सुबह से लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसके कारण कई रास्ते भी बंद किए गए। पिपलोदी गांव में मातम का माहौल है। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर अधिक समय नहीं रुके तथा पुलिस एवं स्थानीय लोगों ने ही मोर्चा संभाला।

गांव वालों ने बताया कि सुबह से बारिश हो रही थी। प्रार्थना का समय हुआ तो क्लासों के बच्चों को स्कूल के ग्राउंड में इकट्ठा करने के बजाय कमरे में बैठा दिया गया, ताकि वे भीगें नहीं। इसके कुछ ही देर बाद छत गिर गई और 35 बच्चे दब गए। गांव वालों ने बताया कि इस स्कूल में कुल 7 क्लासरूम हैं। हादसे के दौरान स्कूल के क्लासरूम में 71 बच्चे थे। स्कूल में 2 टीचर भी मौजूद थे, लेकिन छत गिरने के वक्त बिल्डिंग से बाहर थे और सुरक्षित हैं। दुर्घटना के समय स्कूल में मौजूद आठवीं क्लास में पढ़ने वाली वर्षा ने बताया कि जब छत गिरी, उस समय वह भी क्लासरूम के अंदर बैठी हुई थी। उसने देखा कि छोटे-छोटे पत्थर और रेत छत से गिरने लगे। उसने स्कूल में मौजूद शिक्षकों को बताया कि पत्थर गिर रहे हैं तो शिक्षकों ने डांट -फटकार कर अंदर बैठ जाने को कहा और शिक्षक बाहर बैठकर पोहे और जलेबी का नाश्ता करने लगे। इसी बीच इमारत भरभरा कर गिर गई और बच्चे दब गए।

आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल के समीप मुख्यमार्ग के गुराड़ी चौराहे पर टायर जलाकर जाम लगा दिया तथा रास्ते पर विद्युत पोल डाल दिए और चौराहे पर ही धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे लोग एक करोड़ मुआवज़ा और सरकारी नौकरी की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि इस हादसे में जिन बच्चों की जान गई है, उनके साथ न्याय होना चाहिए। इसके लिए मृतक बच्चों के परिजनों को 1 करोड़ और घायल बच्चों के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा मिलना चाहिए। इसके अलावा, मृतक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग भी की गई। ग्रामीणों ने भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की।

एक बार तो प्रदर्शनकारी अचानक उग्र हो गए और पुलिस की गाड़ियों पर पथराव शुरू कर दिया, ड्राइवर गाड़ियां

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मानवाधिकार आयोग ने स्कूल भवन गिरने का प्रसंज्ञान लिया

जयपुर, 25 जुलाई। राज्य मानवाधिकार आयोग ने झालावाड़ में सरकारी स्कूल भवन गिरने से मासूमों की मौत के मामले में प्रसंज्ञान लिया है। इसके साथ ही, आयोग ने झालावाड़ जिला मजिस्ट्रेट, शिक्षा निदेशक, एसपी और डीईओ को नोटिस जारी किए हैं। आयोग ने इन अधिकारियों को कहा है कि घायलों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा दिलाई जाए। इसके साथ ही,

- आयोग ने दोषियों पर तुरंत कार्यवाही करने व पीड़ित पक्ष को क्षतिपूर्ति राशि दिलाने को कहा।

आयोग ने घटना के दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने, साथ ही पीड़ित पक्ष को क्षतिपूर्ति राशि दिलाने को कहा है। आयोग ने अधिकारियों से 7 अगस्त को प्रकरण की तथ्यात्मक रिपोर्ट आयोग के समक्ष पेश करने को कहा हैं। आयोग अध्यक्ष जस्टिस जीआर मूलचंदानी ने ये आदेश प्रकरण की प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट्स पर कार्रवाई करते हुए दिए।

आयोग ने कहा कि स्कूलों की छतों पर गंदगी साफ नहीं होने से हर साल मानसून में यहां पानी भर जाता है, जिससे छत धीरे-धीरे जर्जर हो जाती है। यह बड़े दुख की बात है कि स्कूल के भवनों का रखरखाव भी निश्चित समयावधि में ठीक से नहीं किया जाता। इसी के चलते इस स्कूल में छत गिरने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सोमवार से संसद में गतिरोध खत्म होगा?

### बताया जाता है कि लोकसभाध्यक्ष द्वारा आहूत सर्वदलीय बैठक में यह समझौता हुआ है, विपक्ष व सरकार के बीच

- 28 जुलाई से लोकसभा में "ऑपरेशन सिंदूर" पर बहस होगी तथा राज्यसभा में भी बहस 29 जुलाई को आरंभ होगी तथा नौ घंटे का समय आवंटित है, राज्यसभा में इस बहस के लिए।
- शुक्रवार को दोपहर दो बजे बाद, दोनों सदनों में कार्यवाही स्थगित कर दी गई थी। जैसा कि विदित ही है, प्र.मंत्री मोदी शनिवार शाम तक विदेश यात्रा से लौटेंगे तथा संभवतया सोमवार से संसद की कार्यवाही में भाग लेंगे।

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 जुलाई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने संसद में चल रहे गतिरोध को समाप्त करने के लिए आज सभी दलों के सांसदों की बैठक बुलाई, क्योंकि संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही बार-बार विपक्षी सांसदों के विरोध के कारण स्थगित हो रही थी, विशेषकर बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर।

बैठक में बिड़ला ने सांसदों से संसद को सुचारू रूप से चलने देने की अपील की। उन्होंने सदन की गरिमा बनाए रखने और प्रश्नकाल तथा विधायी कार्यवाही को चालू रखने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उम्मीद है कि संसद में चल रहा गतिरोध सोमवार को समाप्त हो जाएगा।

बैठक में यह भी तय हुआ कि ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा 28 जुलाई से शुरू की जाएगी। लोकसभा में इसके लिए 16 घंटे और राज्यसभा में 9 घंटे निर्धारित किए गए हैं।

शुक्रवार को दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर 2 बजे के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई, क्योंकि नाराज़ विपक्ष ने संसद नहीं चलने दी, यहाँ तक कि निजी सदस्यों के कार्य दिवस पर भी चर्चा नहीं होने दी।

इस सप्ताह मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में कोई कार्यवाही नहीं हो पाई, जबकि राज्यसभा मंगलवार से स्थगित रही।

सत्र के पहले पाँच दिनों, 25 जुलाई तक, में कई बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। विपक्षी सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम आतंकवादी हमला और बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण जैसे मुद्दों पर ध्यान देने की मांग को लेकर विरोध किया। उनका आरोप है कि मतदाता पुनरीक्षण से बड़ी संख्या में मतदाताओं की नागरिकता खतरे में पड़ सकती है।

बैठक में यह सहमति बनी कि सोमवार को सुबह 11 बजे से दोनों सदनों की कार्यवाही फिर से शुरू की जाएगी।

लोकसभा में 28 जुलाई से ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू होने की उम्मीद है, और राज्यसभा 29 जुलाई को इस पर विचार करेगी।

इस दौरान, सदन के भीतर और बाहर विपक्ष द्वारा उठाए गए मतदाता सूची पुनरीक्षण और विदेश नीति से जुड़े मुद्दों पर लगातार समन्वय और चर्चा जारी रही।

हालांकि तनाव अभी भी बना हुआ है, विपक्षी इंडिया गठबंधन ने अपनी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना और आंध्र की विधानसभा सीटें बढ़ाने की याचिका खारिज की

### इन राज्यों ने माँग की थी, कि कोर्ट केन्द्र सरकार को परिसीमन शुरु करने के लिए निर्देश दे

- याचिकाकर्ता राज्यों का तर्क था कि केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में परिसीमन कराना तथा आंध्र व तेलंगाना को इससे बाहर रखना अविवेकपूर्ण, असंगत व संविधान विरूद्ध है।
- लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा, राज्यों व केन्द्रशासित प्रदेशों में परिसीमन के नियम अलग हैं, इसलिए जम्मू-कश्मीर के साथ आंध्र व तेलंगाना में परिसीमन नहीं करना केन्द्र सरकार का पक्षपात पूर्ण कदम नहीं है।

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें केन्द्र सरकार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों में विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए परिसीमन प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

यह फैसला न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सुनाया। यह रिट याचिका प्रोफेसर (डॉ.) के. पुरुषोत्तम रेड्डी द्वारा दायर की गई थी, जिसमें केन्द्र को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 26 को लागू करने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि केवल नवगठित केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में ही विधानसभा और संसदीय क्षेत्रों का परिसीमन करना, जबकि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को इससे बाहर रखना, असंगत तथा अविवेकपूर्ण वर्गीकरण है और इसलिये यह संविधान के विरुद्ध है।

लेकिन, सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से की गई तुलना तथा भेदभाव की दलील को इस आधार पर खारिज कर दिया कि राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में परिसीमन से संबंधित प्रावधान अलग हैं, और इसलिए जम्मू-कश्मीर के लिए जारी परिसीमन अधिसूचना से आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को बाहर रखना न तो मनमाना है और न ही भेदभावपूर्ण।

## एसआई परीक्षा पेपर लीक मामले की सुनवाई 28 जुलाई को

जयपुर, 25 जुलाई। राजस्थान हाईकोर्ट में एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में सुनवाई जारी है। अगली सुनवाई सोमवार 28 जुलाई को होगी।

सुनवाई के दौरान, शुक्रवार को जस्टिस समीर जैन की अदालत ने मामले की "इन-कैमरा" सुनवाई की। इस दौरान केस से जुड़े वकीलों के

- हाई कोर्ट में आरपीएससी सचिव से सवाल जवाब हुए।

अलावा अन्य किसी को अदालत कक्ष में रुकने की अनुमति नहीं दी गई। वहीं, अदालती आदेश की पालना में आरपीएससी के सचिव पेश हुए। अदालत ने उनसे भर्ती को लेकर सवाल-जवाब किए।

गौरतलब है कि राजस्थान हाईकोर्ट में बीते कई दिनों से प्रकरण में सुनवाई चल रही है। मामले में याचिकाकर्ता कैलाश चन्द शर्मा व अन्य का कहना है कि भर्ती परीक्षा का पेपर व्यापक स्तर पर लीक हुआ है और कई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव राज्यसभा में पेश नहीं होगा

### हालांकि इस्तीफे से पहले सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष का महाभियोग प्रस्ताव स्वीकार कर लिया था

- समझा जाता है कि धनखड़ के इस कदम के बारे में सरकार को जानकारी नहीं थी, कहा जाता है कि संभवतया इसीलिए उन्हें इस्तीफा देना पड़ा।
- सूत्रों के अनुसार, सत्तारूढ़ पार्टी ने मानसून सत्र शुरु होने से पहले ही महाभियोग प्रस्ताव तैयार कर लिया था। भाजपा ने इस पर सर्व सम्मति बनाने क लिए विपक्षी दलों से भी से सम्पर्क किया था और कुछ विपक्षी सांसदों ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए थे।
- चर्चा है कि महाभियोग प्रस्ताव लोकसभा में पेश होगा और स्पीकर बिड़ला एक जाँच कमेटी बनाएंगे, कमेटी की रिपोर्ट के बाद ही वे तय करेंगे कि महाभियोग की सिफारिश की जाए या नहीं।

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 जुलाई। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ नकदी घोटाले को लेकर लाया गया महाभियोग प्रस्ताव राज्यसभा में स्वीकृत नहीं हुआ, हालांकि राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने इसकी अनुमति दे दी थी।

अब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला एक समिति का गठन करेंगे, जो न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ लगे आरोपों की जांच करेगी और, यदि पर्याप्त आधार मिला, तो महाभियोग की सिफारिश करेगी।

सूत्रों के अनुसार, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा, जिनके दिल्ली उच्च न्यायालय में कार्यरत रहने के दौरान उनके आवास से मार्च में जली हुई नकदी के ढेर बरामद हुए थे, के महाभियोग की कार्यवाही को अब लोकसभा में सरकार द्वारा लाये जाने वाले प्रस्ताव के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा।

सूत्रों का कहना है कि पूर्व उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के तत्कालीन सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा स्वीकार किए गए विपक्ष समर्थित महाभियोग प्रस्ताव को अब खारिज कर दिया जाएगा, क्योंकि इसे औपचारिक रूप से सदन में प्रस्तुत नहीं किया गया था। सूत्रों के अनुसार, धनखड़ के इसी कदम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नाराज़ हो गई थी और इसी वजह से धनखड़ को इस्तीफा देना पड़ा था।

महाभियोग की प्रक्रिया किस तरह आगे बढ़ाई जाये, ताकि विपक्ष को "भ्रष्टाचार-विरोधी मुहिम" का लाभ लेने से वंचित किया जा सके, इसके लिये बुधवार को सरकार ने एक मीटिंग की।

सूत्रों का कहना है कि भाजपा स्वयं को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर सख्त रुख दिखाने के मामले में (विपक्ष से) आगे दिखाना चाहती है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव, इस वर्ष बिहार में और अगले साल बंगाल व तमिलनाडु में, से पहले भ्रष्टाचार-विरोधी संदेश दिया जा सके।

सत्तारूढ़ पार्टी ने 21 जुलाई, सोमवार से शुरु हुए संसद के मानसून सत्र से पहले ही महाभियोग प्रस्ताव तैयार कर लिया था। भाजपा ने विपक्षी दलों से संपर्क भी साधा था, ताकि सर्वदलीय सहमति बन सके, और कुछ विपक्षी सांसदों ने सरकार के उस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर भी कर दिये थे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## धनखड़ को विदाई भोज देगा विपक्ष

नई दिल्ली, 25 जुलाई। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार (21 जुलाई, 2025) को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए राष्ट्रपतिद्रौपदी मुर्मूको अपना त्याग पत्र भेजकर तत्काल पद छोड़ने की बात

- पर, धनखड़ विपक्ष का न्यौता स्वीकार करेंगे, इसके बारे में अभी कुछ भी तय नहीं है।

कही थी। उनके इस अचानक लिए गए फैसले ने सत्ता पक्ष और विपक्ष में सभी को चौंका दिया।

इस बीच विपक्षी दलों ने जगदीप धनखड़ को फेयरवेल डिनर के लिए आमंत्रित किया है। विपक्षी दलों ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## "उदयपुर फाइल्स" को सशर्त रिलीज़ की अनुमति मिलेगी?

### केन्द्रीय सरकार ने पिक्चर को पुनः देखकर कुछ परिवर्तन की सलाह दी थी

- ये परिवर्तन करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने प्रोड्यूसर को पुनः हाई कोर्ट जाने के आदेश दिये।
- पिक्चर की रिलीज़ के खिलाफ याचिका दायर करने वाले जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मदनी ने इस सशर्त रिलीज़ को भी चुनौती देने की बात कही है।
- फिल्म में प्रोड्यूसर के अधिवक्ता ने पिक्चर के खिलाफ और आगे स्थगन आदेश देने का विरोध किया।
- अधिवक्ता के अनुसार, मदनी सुपर सैंसर जैसे व्यवहार कर रहे हैं।
- सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश कांत ने इस पर कटाक्ष किया कि प्रोड्यूसर को लाभ ही हो रहा है, मुकदमा चलते रहने से, उसकी पिक्चर को पब्लिसिटी ही मिल रही है।

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट को निर्देश दिया कि वह हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सोमवार से सुनवाई शुरू करे।

यह निर्देश केन्द्र सरकार द्वारा कुछ संशोधनों के साथ फिल्म की रिलीज़ की अनुमति देने के बाद दिया गया। फिल्म उदयपुर के दर्जी कन्हैयालाल की दिन दहाड़े की गई नृशंस हत्या पर आधारित है, जिसमें उन्हें भाजपा नेताओं के भाषणों पर आधारित नारे लगाते हुए दिखाया गया है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे पहले हाईकोर्ट में अपनी याचिका रखें, क्योंकि फिल्म निर्माता केन्द्र सरकार के आदेश से संतुष्ट हैं और अब सुप्रीम कोर्ट में अपनी याचिका आगे नहीं बढ़ाना चाहते।

कोर्ट ने टिप्पणी की:

"पहले हाईकोर्ट जाइए, वहां बहस कीजिए और फिर ज़रूरत हो तो यहां आइए। अब फिल्म निर्माता कह रहे हैं कि वे संतुष्ट हैं और याचिका वापस लेना चाहते हैं, तो आप लोग भी हाईकोर्ट जाइए। हमारा समय क्यों बर्बाद कर रहे हैं?"

फिल्म की रिलीज़ के पक्ष और विपक्ष में याचिकाएं दायर की गई थीं।

फिल्म निर्माता ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें फिल्म की रिलीज़ पर रोक लगाई गई थी और केन्द्र सरकार को इसकी पुनः समीक्षा करने के लिए कहा गया था।

बाद में सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार को फिल्म की जांच करने की अनुमति दी। इसके तहत नियुक्त एक पैनल ने कुछ संशोधन सुझाए, जिनके बाद सरकार ने रिलीज़ को मंज़ूरी दी।

फिल्म के विरोध में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी और कन्हैयालाल हत्या मामले के एक आरोपी मोहम्मद जावेद ने याचिकाएं दायर की थीं।

अब उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा दी गई मंज़ूरी को चुनौती देने की घोषणा की है। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल (मदनी की ओर से) और मेनका गुरुस्वामी (जावेद की ओर से) ने कहा कि वे इसे दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती देंगे।

ज्ञातव्य है कि कन्हैयालाल की जून 2022 में दो लोगों ने हत्या कर दी थी, जब उन्होंने भाजपा नेता नूपुर शर्मा के पैगंबर मोहम्मद पर दिए बयान का समर्थन करते हुए एक वॉट्सऐप स्टेटस डाला था।

'उदयपुर फाइल्स' को पहले 11 जुलाई को रिलीज़ किया जाना था।

रिलीज़ से कुछ दिन पहले मौलाना मदनी ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की, उन्होंने कहा कि यह फिल्म मुस्लिम समुदाय को बदनाम करती है।

हाईकोर्ट ने फिल्म की रिलीज़ पर रोक लगाई, ताकि सरकार सिनेमैटोग्राफ अधिनियम की धारा 6 के तहत अपनी पुनरीक्षण शक्तियों का उपयोग कर सके।

इस रोक को चुनौती देते हुए फिल्म निर्माता सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। अब सुप्रीम कोर्ट ने मामला फिर से हाईकोर्ट को सौंप दिया है।

फिल्म निर्माता के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया ने आगे कोई रोक लगाने का विरोध करते हुए कहा: "सुप्रीम कोर्ट हमेशा ऐसी रोक को हटाता रहा है। क्यों फिर से रोक लगे?

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विपक्ष ने संसद परिसर में मार्च निकाला

नयी दिल्ली, 25 जुलाई। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करते हुए शुक्रवार को संसद भवन

- इसमें मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका सहित कई बड़े नेता शामिल हुए और इन्होंने बिहार मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ नारे लगाए।

परिसर में मार्च निकाला।

विपक्षी सांसदों ने राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की प्रतिमा से संसद भवन के 'मकर द्वार' तक मार्च निकाला। इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस नेता एवं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK

## विचार बिन्दु

**विजय गर्व और प्रतिष्ठा के साथ आती है पर यदि उसकी रक्षा पौरुष के साथ न की जाय तो अपमान का ज़हर पिला कर चली जाती है। –मुक्ता**

# देश व लोकतंत्र के हित में चुनाव आयोग केवल सक्रिय ही नहीं, किंतु निष्पक्ष भी हो और ऐसा दिखे भी

लगभग निम्न आशय की बात चुनाव आयोग के हवाले से प्रिंट, टीवी व सोशल मीडिया में घूम रही है ::---

पर उठाए जा रहे बेबुनियादी सवालो से डरकर, चुनाव आयोग ऐसे लोगों के बहकावे में आकर --

1. मरे हुए मतदाताओं
2. स्थाई तौर से प्रवास के गए मतदाताओं
3. दो जगह वोट बनवा चुके मतदाताओं
4. फर्जी मतदाताओं
5. विदेशी मतदाताओं के नाम पर फर्जी बात डालने वाले लोगों को

पहले बिहार में और फिर पूरे देश में, संविधान के विरुद्ध जाकर बात डालने की अनुमति दें???

चुनाव आयोग भारतीय संविधांन के अंतर्गत गठित एक शक्तियुक्त आयोग है जिस पर देश में निष्पक्ष चुनाव करने का बहुत बड़ा दायित्व है। राजनीतिक दलों को भी बिना बात उसकी गरिमा को बेवजह ठेस नहीं पहुंचानी चाहिए, यह बात तो सामान्य से सामान्य बुद्धि वाला व्यक्ति भी मानेगा।

किंतु उतना ही महत्वपूर्ण यह भी है कि चुनाव आयोग भी पूर्ण निष्पक्षता से अपना दायित्व निभाए।

कौन इस से असहमत होगा कि मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूचियों से हटे। यह रूटीन एक्सरसाइज चुनाव आयोग नियमित रूप से करता आया है, किसी ने प्रश्न उठाया क्या कि ऐसा नहीं किया जाए?? तो फिर यह प्रश्न ही क्यों??

इसी प्रकार जिन मतदाताओं का नाम दो जगह मतदाता सूचियों में है उनका नाम एक जगह से विलोपित होना चाहिए किन्तु ऐसे व्यक्ति को यह विकल्प दिया जाना चाहिए कि वह किस स्थान पर मतदान करना चाहता है?? क्या नहीं हो ऐसा?? जिन लोगों को रोजी–रोटी व सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए ग्रामीण व शहरी दोनों जगह रहना रहना पड़ता है जैसे कि अल्पायभोगी दिहाड़ी काम वाले लोग, किसान – मजदूर आदि। सामान्य बुद्धि तो कहती है मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण करते वक्त ऐसे चिन्हित लोगों को अवसर दें कि वे कहां के मतदाता रहना चाहते है? केवल बीएलओ के द्वारा भरे या भराये गए गणना पत्र के आधार पर नाम काटना सरासर अन्याय होगा और सुनाव आयोग की साख भी कुछ तो कम होगी ही, चुनाव आयोग माने या न माने।

इसी प्रकार जिन मतदाताओं में स्थाई तौर पर पुराना निवास छोड़ कर नई जगह रहना शुरू कर दिया उनका नाम भी हटना चाहिए और मैं समझता हूं किसी राजनीतिक दल ने इसका विरोधी नहीं किया है। किंतु ऐसे मामलों में पूर्णतः निष्पक्ष रूप से जांच तो होनी चाहिए कि यह तथ्य सही है या BLO की लापरवाही है या कहीं BLO या BLA की मिलीभगत तो नहीं है, किसी दूसरे पक्ष के वोटर्स का नाम कटवाने की???

**जो समाचार है उनके अनुसार, आयोग को ज्ञात हुआ है कि विदेशी व फर्जी मतदाताओं के वोट दूसरे लोग डालते है। यह तो अत्यंत ही गंभीर बात आयोग में बताई है। फिर तो पूरी चुनाव प्रक्रिया ही संदेह के घेर में आ जाएगी? अगर आयोग के हवाले से छपी खबर सही है तो फिर आयोग को पता है कि किन फर्जी व विदेशियों के वोट कौन डालता, डलवाता है???? फिर तो आयोग विस्तृत सूचनाएं देश के सामने आने दे।**

हर चुनाव के बाद पोलिंग बूथ के बाहर ऐसे व्यक्ति शिकायत करते मिलते है कि पहले उसका नाम था अब नहीं, क्यों??

और अब आयोग के द्वारा, मतदाता सूचियों में से फर्जी व विदेशी मतदाताओं के हटाने की बात पर विचार करे। शायद ही कोई असहमत होगा कि फर्जी व विदेशी लोगों के नाम मतदाता सूचियों में से हटने चाहिए? प्रश्न यह है कि आयोग ने यह प्रश्न पूछा क्यों? सबसे पहले आयोग ही स्पष्ट करे कि फर्जी और विदेशी मतदाताओं की पहचान कैसे की? ऐसे लोगों की सूची जारी करे जिन्हें आयोग फर्जी या विदेशी मानता है और उसके आधार बताए।

ऐसे लोगों के नाम मतदाता सूची में, निम्न कारणों से होना संभव है ::-- की निष्क्रियता, लापरवाही के कारण या फिर BLO और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं की मिलीभगत हो। यह मिली भगत पहले संभव थी तो अब भी हो सकती है। बहुत से लोगों को झूठमूठ मृत बताया जा सकता है, निवास छोड़कर अन्यत्र बसाना बताया जा सकता है।

इसलिए आयोग को आगामी एक माह में ऐसे समस्त लोगों जिन्हें मृत या निवास छोड़ गए बात रहे है, उनकी बूथवार सूची बूथ पर, पंचायतों में, पटवारियों के पास, तहसील कार्यालयों में व पॉलिटिकल पार्टियों को उपलब्ध करानी चाहिए ताकि जिन को आपत्ति हो वे आपत्तियां दर्ज कर सकें।

जो समाचार है उनके अनुसार, आयोग को ज्ञात हुआ है कि विदेशी व फर्जी मतदाताओं के वोट दूसरे लोग डालते है। यह तो अत्यंत ही गंभीर बात आयोग में बताई है। फिर तो पूरी चुनाव प्रक्रिया ही संदेह के घेर में आ जाएगी?

अगर आयोग के हवाले से छपी खबर सही है तो फिर आयोग को पता है कि किन फर्जी व विदेशियों के वोट कौन डालता–डलवाता है???? फिर तो आयोग विस्तृत सूचनाएं देश के सामने आने दे।

चलते–चलते, आम आदमी की जिज्ञासा है कि कौन देश का नागरिक कोन विदेशी, इसकी पहचान कौन दफ्तर कौन अधिकारी करते हैं? नागरिक होने का प्रमाण पत्र लेना हो तो चुनाव कार्यालय में दरख्वास्त दें या अब जो वोटरलिस्ट जारी करेगा आयोग वही प्रमाण पर्याप्त होगा नागरिकता दिखाने के लिए। वैसे कानून जानने वाले लोग मानते है कि चुनाव आयोग को नागरिकता की जांच का अधिकार नहीं। अब यह सही है या नहीं यह तो सुप्रीम कोर्ट या सरकार या चुनाव आयोग जाने।

यों ही, एक बात सुनते आए है कि न्याय हो यही पर्याप्त नहीं, न्याय होता दिखना भी चाहिए। एक न्यायाधिकारी के सामने मुकदमा पेश होने के बाद सभी पक्षकारों और उनके पैरवी कर्ताओं को सुना जाता है। फैसले में सारी बातें विस्तार से लिखी जाती है। जो भी कानून के बातें कही जाती है वे लिखी जाती है। इन सभी पर न्यायाधीकारी अपना मत व्यक्त कर फैसला देता है। इस से न्याय हुआ दिखता है। फैसला तो यों भी हो सकता है कि सब को सुनने के बाद यह मानता हूं कि यह यह बात सही है और यह आदेश दिया जाता है ----? नहीं? किंतु नहीं क्यों कि ऐसा करने से न्याय होता दिखता नहीं।

अल्पज्ञानि सामान्य आदमी का तो मानना है कि यह बात चुनाव आयोग भी लागू होती है। चुनाव आयोग कोई छोटे अधिकारियों का दफ्तर नहीं जहां कोई गलती कर दे तो ऊपर के दफ्तरों में जाने के रास्ते है। यदि चुनाव आयोग मतदाताओं का नाम बिना पूर्ण– विस्तृत जांच के नाम काटी दे तो लोकतंत्र में इस से घातक ओर क्या बात होगी??

चुनाव आयोग का सम्मान होना ही चाहिए किंतु इसके लिए आयोग को भी निष्पक्ष दिखना ही होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**महावीर सिंह, पूर्व आइ ए एस**

# दहेज : परम्परा या अभिशाप?



अर्पिता माथुर

क्या हम सच में चाँद पर पहुँच गए हैं या अब भी पुरानी सोच में जकड़े हैं?।

"सोचिए, जिस लड़की ने तीन साल पहले अपने सपनों की शादी की थी, वही दहेज के बोझ से दबकर अपनी जान दे बैठी।"

राजस्थान के जयपुर में हाल ही में दो विवाहित महिलाओं की मौत की खबर आई। वैशाली नगर में तीन साल पहले लव मैरिज करने वाली महिला ने दहेज प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली। वहीँ दूसरी ओर श्याम नगर में एक और विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई जहाँ पीहर पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया। ये घटनाएँ चौंकाती हैं और सोचने पर मजबूर करती हैं कि क्या हम सच में चाँद पर पहुँच गए हैं या अब भी पुरानी सोच में जकड़े हैं?। और भी कई ऐसी घटनाओ ने समाज को एक बार फिर सोचने पर मजबूर कर दिया है कि हम चाहे चाँद तक पहुँच जाए लेकिन समाज की कुछ रीति–रिवाजों का बोझ जीवन भर सहना पड़ेगा। वैसे रीति–रिवाजों के विरोध में नहीं हूँ मैं लेकिन कुछ रीति–रिवाज़ों का अपना ऐतिहासिक महत्त्व रहा है, बस समाज ने बिना ज्ञान के अपनी मानसिकता के बल पर अन्य प्रकार से उन्हें ग्रहण किया है और अब आने वाली पीढ़ी पर थोप रहे हैं।

न केवल भारत में बल्कि यूरोप, अफ्रीका और दुनिया के अन्य भागों में भी दहेज प्रथा का लम्बा इतिहास है। भारत में इसके और भी कई नाम है जैसे हुँडा या वर–दक्षिणा। इतिहास में इसे एक परम्परा के रूप में देखा जाता था जिसका ऐतिहासिक सन्दर्भ कई लेखों और चित्रों में भी मिलता है। जिसे यहाँ प्रदर्शित करना एक नयी बहस शुरू कर देगा। क्यूंकि मेरा और मेरे जैसे कितने पत्रकारों का यही मकसद रहने वाला है कि इस प्रथा को सही ढंग से प्रस्तुत किया जाये न कि जंग से प्रस्तुत किया जाए.. खैर.. भारत में दहेज, भले ही वर्ष 1961 से दहेज निषेध अधिनियम के तहत अवैध घोषित है, फिर भी इसे आज भी एक सामाजिक प्रथा के रूप में देखा जाता है। वधू यानि लड़की के परिवार द्वारा नक़द या वस्तुओं के रूप में यह वर यानि लड़के के परिवार को दिया जाता है। कई परिवार इसे विवाह का जरुरी हिस्सा मानते हैं और अक्सर इसे उपहार का नाम देकर रूप में ढाब दिया जाता है। समाज में अभी भी ये मानसिकता नजर आती है जहाँ उस लड़की की अहमियत उसके जीवन की उपलब्धियों से नहीं, उसकी शिक्षा से नहीं, उसके संस्कारों से नहीं नापी जाती है, बल्कि वह कितना दहेज लेकर आई, इससे तय की जाती है। और इसी दबाव के कारण परिवार दहेज की मांगों को पूरा करने के लिये मज़बूर हो जाते हैं, और यही मजबूरी बन जाती है बेटियों की ज़िन्दगी का कलंक उत्पीड़न, हिंसा और मौत के रूप में। कुछ बेटियां संस्कारों और माता पिता के सम्मान को बचाने के बोझ तले पूरी ज़िन्दगी गुजार देती है।

आंकड़ों की बात की जाए तो साल 2017 से 2022 के बीच, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार भारत में हर साल औसतन 7,000 दहेज से संबंधित हत्याएँ दर्ज हुईं। वैसे में ये कहूँगी की के आँकड़ें अपवादित भी हो सकते है क्योंकि दहेज से होने वाली अनेक मौतें रिपोर्ट ही नहीं की जातीं, जो इस समस्या की गंभीरता और हम अपने अधिकारों के प्रति कितने जागरूक है उसकी तरफ एक इशारा है। वहीं दहेज के लिए तंग करने पर कानून सख्त सज़ा देता है जैसे धारा 498–एः अगर पति या उसके घरवाले दहेज की मांग करके पत्नी को परेशान करें, तो उन्हें 3 साल तक जेल और जुर्माना हो सकता है।

धारा 406: अगर पत्नी का गहना या उसका सामान वापस नहीं करते, तो 3 साल तक जेल, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। धारा 304–बीः अगर शादी के 7 साल के अंदर दहेज की वजह से महिला की संदिग्ध मौत हो जाए, तो 7 साल से लेकर उम्रकैद तक की सज़ा हो सकती है। हालांकी दहेज का विवाह के साथ अटूट संबंध है लेकिन दहेज निषेध अधिनियम, 1961 का अनुच्छेद 3 निर्दिष्ट करता है कि दहेज देने या लेने का दंड उन उपहारों पर लागू नहीं होता है जो दूल्हा या दुल्हन को शादी के समय दिए जाते हैं जब उनकी कोई मांग नहीं की जाती है।

गाँव हो या शहर, अमीर हो या गरीब – दहेज प्रथा की जड़ें बहुत गहरी हैं जिसका दूसरा छोर ढूंढ़ने से भी नहीं मिलेगा। जहाँ एक और महिलाओं को अब भी यानि मॉडर्न समाज में दहेज के लिये उत्पीड़न, मारपीट और आत्महत्या जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है, जबकि जाँच प्रक्रियाएँ इतनी लंबी होती हैं की दोषियों को सजा मिलना और बेक़सूर को न्याय मिलना ऊँट के मुँह में जीरा मिलने समान है। सबसे बड़ी समस्या तो सोच की ही है. बेटी को आज भी 'पराया धन' समझा जाता है। वहीं दिखावा और समाज में 'स्टेटस मेन्टेन' करने की होड़ मची है । अपराधियों में कानून का डर ही नहीं है क्यूंकि कई केस दबा दिए जाते हैं या रिपोर्ट नहीं होते। अपराधियों के हौंसले और बुलंद हो जाते है। कुल मिलाकर समस्या समाज की मानसिकता में है। दोनों पक्षों को अपना अपना सामाजिक स्टेटस बढ़ाना है चाहे आतंरिक स्थिति हिचकोले खा रही हो। उनकी इसी सोच का भुगतान उनकी बेटी और बहु ही नहीं उससे सम्बंधित हर व्यक्ति को करना पड़ता है। एक जीवन के खोने से केवल वो व्यक्ति नहीं जाता उसके साथ चली जाती कई यादें, टूट कर बिखर जाते है कई सपने, उनके माता पिता की उम्मीदें और उनकी भावी पीढ़ी का भविष्य।

सामाजिक तौर पर समाज को बदलना होगा। अपनी चुप्पी को तोड़ना होगा और आवाज़ उठानी होगी। अगर आपके आस पास ऐसी कोई घटना आप महसूस करते है तो नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत अवश्य करे और एक नहीं कई ज़िन्दगियों को आप बचा सकते है। परिवार मिलकर 'नो डाउरी शादियाँ' अभियान चलाएँ। वहीँ न्यायिक तौर पर ऐसे फैसले तेजी से हों और कठोर हो ताकि समाज में डर पैदा हो। मानसिक तौर पर हमे सोच में बदलाव लाना होगा। बेटी को बोझ नहीं, बराबरी का अधिकार दें। दहेज़ के रूप उन्हें शिक्षा और आत्मनिर्भरता सौंपे। बेटियों को मजबूत बनाएं।। भले ही आज हम टेक्नोलॉजी में आगे हैं,चाँद तक पहुँच रहे है, लेकिन अगर दहेज की वजह से बेटियाँ जलती रहें तो ऐसे विकास और प्रगति का क्या मतलब? कन्या दान पुण्य है, लेकिन कन्या की जान लेना सबसे बड़ा पाप।समाज को मिलकर सोचना होगा –"क्या हम अगली पीढ़ी को भी यही दर्द सौंपना चाहते हैं?"

**–अर्पिता माथुर ( पत्रकार )**

# कारगिल युद्ध : भारतीय सेना और सैनिकों की गौरव गाथा



डॉ. जे.के. गर्ग

निसंदेह कारगिल संघर्ष दुनियांभर के पहाड़ी इलाकों में अत्याधिक ऊंचाई पर लड़ी गई लड़ाईयों में से एक लड़ाई है। कारगिल संघर्ष परमाणु बम शक्ति सम्प्पन भारत–पाकिस्तान के बीच हुआ पहला सशस्त्र युद्ध था। जहाँ 1965 में हम लाहोर तक पहुच गये और पाकिस्तान के हौंसले पस्त कर दिए थे इस युद्ध की परिणीती तास्कन्द समझोते में हुई थी, वहीं 1971 में पाकिस्तान को दो भागों में विभाजित करके एक नये राष्ट्र बंगलादेश को जन्म दिया था। यह युद्द इंदिराजी जी के विलक्षण प्रतिभा का प्रमाण था, वहीं बीसवी शदी का निर्णायक एकमात्र युद्ध भी था जिसमें 93000 से ज्यादा पाकिस्तान के सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर भारतीय सेना के गौरव को उच्चतम शिखर पर पहुचा कर विजय पताका फहरा कर तिरगें की शान बढ़ाई थी।

**कारगिल युद्ध को मोटे तोर पर तीन चरणों में विभक्त किया जा सकता है।**

पहिले चरण में पाकिस्तानी घुसपैठियों ने श्रीनगर को लेह से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग नम्बर एक पर नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण सामरिक स्थानों पर क़ब्ज़ा कर लिया था। दूसरे चरण में भारत के सुरक्षा बलों और सेना ने घुसपैठ का पता लगाकर अपने सुरक्षाबलों को अविलंब जबाबी हमले के लिए लामबंद करना शुरू किया था। तीसरे चरण में भारत और पाकिस्तान के बीच भयंकर लड़ाई हुई जिसमें पाकिस्तानी सेना को अग्रिम भागों से पीछे हटना पड़ा। कारगिल युद्ध भारत की सेना के पराक्रम शीर्य का परिचायक है वहीं इस लड़ाई में भी पाकिस्तानी शासकों एवं उसकी सेना की इतिहास को दोहराते हुए करारी पराजय हुई थी।

पाकिस्तान की सेना और तथाकथित कश्मीरी उग्रवादियों ने भारत और पाकिस्तान के बीच की नियंत्रण रेखा पार करके भारत की जर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। संघर्ष की प्रारम्भिक अवस्था में पाकिस्तान ने दावा किया कि लड़ने वाले उसके नियमित सैनिक नहीं हैं वरन वे सभी कश्मीरी उग्रवादी–जिहादी हैं। पाकिस्तान के इस सफेद झूट का शीघ्र ही पर्दाफाश हो गया क्योंकि युद्ध में बरामद हुए दस्तावेजों, हथियारों और पाकिस्तानी नेताओं के बयानों से साबित हुआ कि पाकिस्तान की सेना प्रत्यक्ष रूप मेंइस युद्ध में शामिल थी। कारगिल– द्रास सेक्टर में हुए संघर्ष में लगभग 30000 भारतीय सैनिकों ने भाग लिया वहीं पाकिस्तान के नियमित सैनिकों के अलावा करीब 5000 घुसपेठीयें ने भी पाक सैनकों की मदद की थी। भारतीय सेना ने इस लड़ाई में बोफोर्स तोपों का प्रयोग किया इन तोपों ने दुश्मनों पर कहर बरपा। भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सफेद सागर के अंतर्गत कठिन भौगोलिक परिस्थतीयों के बावजूद थल सैनिकों की सहायता की थी। भारतीय नोसेना ने ऑपरेशन तलवार के अंतर्गत पाकिस्तानी बंदरगाहों विशेषतया कराची बंदरगाह की नाके बंदी कि जिससे पाक सैनिकों को कोई मदद नहीं मिल सके। भारतीय नोसेना की उत्तरी एवं पश्चिमी फ्लीट ने उत्तरी अरब सागर के क्षेत्र में आक्रमक पेट्रोलिंग कर पाकिस्तान के समुद्रीय व्यापार के लिये गम्भीर चुनोती उत्पन्न कर उसके सामुद्रिक व्यापार को क्षति पहुचाई। इस लड़ाई में भारतीय सेना के तीनो अंग थल,वायु एवं नो सेना परस्पर अनुकरणीय समन्वय का परिचय दिया जिसके फलस्वरूप इस युद्ध में भी हमें विजयश्री प्राप्त हुयी। युद्ध समाप्ति के तुरंत बाद में पाकिस्तान ने दावा किया उसके मात्र 375 सैनिक ही मारे गए हैं लेकिन बाद में सच्चाई सामने आई कि पाक के तकरीबन चार हजार सैनिक करगिल संघर्ष में मारे गए हैं। भारतीय सेना के मुताबिक 543 अफसर और जवान शहीद हुए जबकि करीब 1300 जख्मी हुए। महज एक भारतीय सैनिक को युद्ध बंदी बनाया गया था। कारगिल संघर्ष के समय जहाँ अमेरिका नें पाकिस्तान को नियन्त्रण रेखा के उल्लघन का दोषी माना था वहीं 8 देशों, यूरोपियन यूनियन एवं के क्षेत्रीय संघटन ने भी पाकिस्तान की आलोचना कर सघंर्ष समाप्त करने एवं नियन्त्रण रेखा के उल्लघन को रोक कर सघर्ष के पूर्व वाली स्थिती पर लोटने को कहा। अमेरिकन राष्ट्रपति क्लिंटन और नवाज शरीफ के संयुक्त व्यक्तय में नियन्त्रण रेखा का सम्मान करते हुए भारत–पाकिस्तान के विवादों को बातचीत से शांतीपूर्ण तरीकों से सुलझाने को कहा। चारों ओर से अंतर्राष्ट्रीय दबाव के कारण तत्कालीन पाकिस्तान के प्रधानमंत्री श्री नवाज़ शरीफ ने बचे हुए पाकिस्तान के सैनिकों को भारतीय सीमा के अन्दर वाले क्षेत्र से पीछे हट जाने का आदेश दिया।

भारत की विजय के साथ 26 जुलाई 1999 को संघर्ष समाप्त हुआ। कारगिल युद्ध में भारत की विजय की स्मृति में प्रतिवर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। समस्त भारत में इस कारगिल युद्ध के दौरान अद्भुत राष्ट्र प्रेम एवं देशभक्ति की भावना देखने को मिली थी। वहीं पाकिस्तान की पराजय के कारण पाकिस्तान में राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता बढ़ गई जिसकी परिणति में नवाज़ शरीफ़ निर्वाचित सरकार का तख्ता पलट कर वहां की सेना के प्रमुख परवेज़ मुशर्रफ़ राष्ट्रपति बन गए। कारगिल युद्ध के अनेकों शूरवीर बहादुर एवं फोलादी इरादों वाले जवानों में अनुज नायर, विक्रम बत्रा एवं योगेन्द्र यादव तो प्रमुख हैं ही, भारत को उनके और उनके साथियों की वीरता तथा फोलादी देश भक्ति के इरादों से युद्ध में निर्णायक विजयश्री मिली थी। इस लड़ाई में मुख्य विजय टाईगर हिल्स पर कब्जें पर थी।

कारगिल युद्ध के उपरोक्त नायकों के अतिरिक्त कारगिल संघर्ष के अन्य हीरों यथा केप्टिन जेरी प्रेमराज, केप्टिन शशि भूषण घड़ियाल, सूबेदार रघुनाथ सिंह एवं हवलदार सीसराम गिल के योगदान को भी समूचा राष्ट्र हमेशा याद रक्खेगा। कारगिल विजय पर्व के 25वीं वर्ष गांठ के मोके पर समूचा भारत कारगिल संघर्ष के समस्त शहीदों को शतः शतः नमन करता है और उनके देशभक्ति के जज्बे को सलाम भी। समूचा राष्ट्र कारगिल विजय दिवस के मोंके पर भारत की अखंडता पर तिरछी नजर रखने वालों को कड़ी चेतावनी देता है कि वे अपनी नापाक हरकतों से बाज आयें। जय हिंद जय किसान जय जवान। भारत का बच्चा करें उनका सम्मान और सलाम।

**–डॉ. जे.के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त शिक्षा निदेशक**
**कॉलेज शिक्षा जयपुर**

# पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्यभर में "बर्तन बैंक" बड़ी पहल बना

शादी व दूसरे साामाजिक समारोह के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम स्थल के आसपास कचरे के ढेर के बजाय साफ–सफाई नए राजस्थान की सुखद तस्वीर है। राज्य सरकार ने क्लीन कुकिंग को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायतों में बर्तन बैंक की व्यवस्था की है ताकि सरकारी और निजी कार्यक्रम में डिस्पोजल का उपयोग न करना पड़े। राज्यभर में इसी सोच को साकार करने की दिशा में 1000 ग्राम पंचायतों में बर्तन बैंक स्थापित किये हैं।

बर्तन बैंक के एक सेट में स्टील की एक प्लेट, तीन कटोरी, एक चम्मच एवं एक गिलास कुल छः बर्तन होते हैं। एक ग्राम पंचायत में इनके 400 सैट उपलब्ध करवाए गए हैं। प्रति ग्राम पंचायत 1 लाख रूपये मूल्य के बर्तनों की खरीद की गई है। प्रति सेट 3 रूपए किराया लिया जाता है ताकि इनका रखरखाव करने वाले राजीविका के महिला स्वयं सहायता समूह को योजना संचालन में आसानी हो। ग्राम पंचायत



विधवा, एससी, एसटी जैसे वर्गों के लिए आधा किराया माफ कर सकती है।

राज्य में अजमेर जिले में 27, अलवर में 30, बालोतरा 27, बांसवाड़ा 30, बांरा में 24, बाड़मेर में 30, ब्यावर में 18, भरतपुर में 21, भीलवाड़ा में 30, बीकानेर में 27, बूंदी में 15, चित्तौडगढ़ में 30, चूरू में 21, दौसा में 30, डीग में 15, धौलपुर 20, डीडवाना–कुचामन में 21, डूंगरपुर में 30, श्रीगंगानगर में 27, हनुमानगढ में 21, जयपुर में 30, जैसलमेर में 21, जालौर में 30, झुंझुंनू में 30, झालावाड़ में 24, जोधपुर 30, करौली 24, खैरथल–तिजारा 15, कोटा 20, कोटपुतली– बहरोड़ 20, नागौर 24, पाली 24, फलौदी 24, प्रतापगढ़ 24, राजसमंद 24, सलूम्बर में 20, सवाईमाधोपुर में 21, सीकर में 30, सिरोही में 20, टोंक 21 और उदयपुर में 30 ग्राम पंचायतों में बर्तन बैंक की स्थापना की जा चुकी है।

इस योजना के सफल संचालन से भरतपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक स्वच्छता के प्रति नई चेतना आई है। गरीब परिवारों को भी टैंट किराये से राहत मिली है। शादी समारोह में टैंट किराये में लगने वाला हजारों रूपये का खर्च बचने से बड़ी राहत मिली है, कचरे के ढेर, दुर्गंध, पर्यावरण क्षरण का कुछ हद तक समाधान हुआ है। जिले की पंचायत समिति सेवर में ग्राम पंचायत हथैनी, जघीना और जाटौली रथवान, पंचायत समिति भुसावर की बल्लभगढ, निठार और पथैना, उच्चैन की भैंसा, पिचूना और सहना, वैर की समराया, सरसैना और पाली, रूपवास की औडेलागद्दी, निभेरा और चैकोरा, नदबई की लखनपुर, कटारा और परसवारा एवं बयाना की बंधबरैठा, सालाबाद और गाजीपुर ग्राम पंचायतों में बर्तन बैंक खोले गए हैं। राज्य में इसके अतिरिक्त एक लाख लाभार्थियों को निःशुल्क इंडक्शन कुकटॉप वितरित करने का निर्णय लिया गया है। वेस्ट टू वैल्थ पार्क्स और क्लीन एंड ग्रीन टेक्नोलॉजी डवलपमेंट सेंटर जैसे नवाचारों से पर्यावरण संरक्षण को तकनीकी मजबूती दी जा रही है। इसे गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार का महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे ग्रामीणों को भी सामूहिक आयोजनों में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की प्रेरणा मिलेगी।

**यह लेख हरिओम सिंह गुर्जर, संयुक्त निदेशक, भरतपुर सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय और संतोष कुमावत, सहायक निदेशक ( जनसम्पर्क ), पंचायतीराज विभाग ने लिखा है।**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### शनिवार 26 जुलाई, 2025

सावन मास, शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2082, आश्लेषा नक्षत्र दिन 3:52 तक, व्यतिपात योग रात्रि 4:06 तक, बालव करण दिन 11:02 तक, चन्द्रमा आज दिन 3:52 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–कर्क चन्द्रमा–कर्क, मंगल–सिंह, बुध–कर्क, गुरू–मिथुन, शुक्र–वृष, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।

आज चन्द्र दर्शन, उत्तर श्रृंगोन्नति, सिंजारा, अश्वत्थ मारूती पूजन, व्यतिपात पुण्य है। आज शुक्र मिथुन राशि में प्रातः 8:56 पर प्रवेश करेगा।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 7:32 से 9:12 तक, चर 12:33 से 2:14 तक, लाभ–अमृत 2:13 से 5:34 तक।

**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:52, सूर्यास्त 7:14

**मेष**
घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में शुभ–मांगलिक एवं महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। पारिवारिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है।

**सिंह**
घर–गृहस्थी और व्यक्तिगत खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**कन्या**
आर्थिक मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**वृश्चिक**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा नहीं है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**मकर**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में मांगलिक–धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।

**कुंभ**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में मांगलिक–धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में मांगलिक–धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

## नगर निगम की अनदेखी से बढ़ी समस्या

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर में ओटोमोबाइल भवन से लेकर तोप सर्किल तक नगर निगम द्वारा बनाया गया मोडूलर नाला जोकि कई सालों से बंद पडा हुआ है उसकी वजह से पूरे नुमायश रोड के दुकानदारों व राहगीरों का जीवन नरक बना हुआ है। दुकानों के आगे गंदा पानी भरा रहता है जिससे ग्राहकों व राहगीरों को आने जाने में बडी परेशानी रहती है। सुभाष कोलोनी का पूरा पानी इसी नाले से जोडकर रखा है इसलिए अंडरग्राउन्ड नाला छोटा है। कोलोनी का पूरा पानी इस नाले से पास नहीं होता है। सुभाष नगर कोलोनी का पानी भारी गंदगी के साथ बिहकर आता है उससे दुर्गन्ध मारती है, दुकानदार भाईयों का दुकान पर बैठना दूभर हो गया है। नगर निगम कमिश्नर महोदय भी मौका मुआयना कर चुके हैं और उन्होंने नगर निगम जेईएन को मुआयना करते समय बोला था कि इस नाले को ओपन करके पूरी सफाई की जावे, लेकिन उन्होंने भी विशेष ध्यान नहीं दिया। साथ ही एन.एफ.एल. गोदाम के सामने डीग रोड पर खुले में मीट बिक रहा है आधै्र अडौस पडौस के दुकानदार व राहगीर उस बदबू से परेशान रहते हैं। पास में हनुमानजी का मंदिर भी है इससे लोगों की भावनाओं पर ठेस पहुँच रही है। इसलिए इन समस्याओं से तुरन्त निजात दिलाने की मांग की गई है।

## जुरहरा तहसील को यथावत रखने की मांग

**जुरहरा भरतपुर** (निस)। डीग जिले के जुरहरा कस्बा के लोगों ने एकत्रित होकर शुक्रवार को जुरहरा तहसील कार्यालय पहुंचकर जुरहरा तहसील मुख्यालय को यथावत रखने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला पार्षद प्रतिनिधि खुर्शीद अहमद के नेतृत्व में तहसीलदार संदीप जैन को सौंपा। मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में जुरहरा तहसील दर्जे को यथावत रखने की मांग के साथ बताया है कि जुरहरा तहसील मुख्यालय में 42 गांव आते है तथा जुरहरा तहसील क्षेत्र हरियाणा सीमा से लगा हुआ है। ग्राम पंचायत लाडलाका, सहसन, बमनवाडी, घोसिंगा, जीराहेडा तथा नवसृजित ग्राम पंचायत खेडली नानू जो जुरहरा तहसील मुख्यालय से 1 से 5 किलोमीटर की दूरी पर हैं इनको भी जुरहरा तहसील में जोडने की मांग काफी समय से चली आ रही है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि जुरहरा तहसील से तहसील का दर्जा छीना गया तो क्षेत्रवासियों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पडेगा। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि खुर्शीद अहमद, उपाध्यक्ष जिला कांठोस श्रीचंद गौड, भामाशाह पूरन सैनी, अताउल्ला सरपंच धीमरी, जाकिर घोसिंगा, प्रदीप गौड़, साजिद खान सहित काफी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भव्य फूल बंगला झांकी का किया जायेगा आयोजन

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर के ऐतिहासिक प्राचीन गंगा मंदिर, पर 27 जुलाई रविवार को हरियाली तीज के अवसर पर भव्य फूल बंगला झांकी का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर गंगा मंदिर पर आकर्षक सजावट रोशनी भी की जायेगी। गंगा मंदिर के पुजारी कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि बृज क्षेत्र में श्रावण मास का विशेष महत्व है। इस बार श्रावण मास में 27 जुलाई रविवार को गंगा मंदिर में हरियाली तीज महोत्सव का विशेष आयोजन भक्तजनों के सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर गंगा मंदिर पर भव्य फूल बंगला की आकर्षक झांकी सजाई जायेगी। सुबह गंगाजी का पंचामृत अभिषेक होगा। सांयकाल को भव्य फूल झांकी के अवसर पर माखन मिश्री का भोग प्रसाद भक्तजनों को वितरित किया जायेगा।

पुजारी कृष्ण कुमार शर्मा ने भक्तजनों के सहयोग से आयोजित हरियाली तीज पर शहर के भक्तजनों से गंगा मंदिर पर भव्य फूल बंगला झांकी के दर्शन कर पुण्य लाभ उठाने की अपील की है।

## पेड बचाने का लिया संकल्प

**करौला** । गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के कमाण्डेन्ट रामगोपाल सागर ने बताया कि हरियालो राजस्थान अभियान के उपलक्ष्य में कार्यालय कमाण्डेंट गृह रक्षा प्रशिक्षण केंन्द्र करौली के द्वारा उपकेन्द्र हिण्डौन सिटी में गुरूवार को एवं करौली मुख्यालय पर शुक्रवार को छायादार एवं फलदार पेडों का पौधारोपण कर पेड बचाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर कमाण्डेंट रामगोपाल सागर, प्लाटून कमाण्डर विष्णु कुमार, वरिष्ठ सहायक पृथ्वीराज शर्मा, कनिष्ठ सहायक पुष्पेन्द्र सैन एवं केन्द्र करौली तथा उपकेन्द्र हिण्डौन सिटी के समस्त स्वंय सेवक उपस्थित थे।

# झालावाड़ हादसे के बाद नहीं जागा भरतपुर प्रशासन

**भरतपुर** (निस)। झालावाड में सरकारी स्कूल ढहने से 7 बच्चों की मौत के बाद भी भरतपुर के खंडहर सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। भरतपुर के चिकसाना इलाके में स्थित महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल की हालत बेहद खराब हो चुकी है। स्कूल की बिल्डिंग जर्जर अवस्था में है, जिसकी वजह से बच्चों को रोजाना डर के साए में पढ़ाई करनी पड़ रही है। स्कूल प्रशासन कई बार इस समस्या को लेकर शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत दे चुका है, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं निकला।

■ **खंडहर स्कूल की बिल्डिंग में बच्चों को पढ़ाया जा रहा, टीचर बोले- कभी भी हादसा हो सकता है**

स्कूल परिसर में साफ-सफाई का भी अभाव है। जहरीले जीव-जंतु खुलेआम घूमते रहते हैं, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। बारिश के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

स्कूल के टीचर लोकेंद्र सिंह ने बताया कि महात्मा गांधी गवर्मेंन्ट स्कूल चिकसाना में स्थित है। यह स्कूल जिला मुख्यालय से महज 12 किलोमीटर की दूरी पर है। स्कूल में अध्ययन बहुत अच्छा है यहां पर बिल्डिंग की समस्या है। अगर यह बिल्डिंग सुधर जाए तो, बच्चों का भविष्य भी सुधर जाए। स्कूल में ज्यादातर गरीब तबके के बच्चे पढ़ते हैं। अगर स्कूल की बिल्डिंग सुधर जाए तो, यह इलाके का सबसे अच्छा स्कूल साबित हो सकता है। स्कूल बिल्डिंग में चारों तरफ से दरारें पड़ी हुई हैं। जिसके कारण बच्चों को पढ़ाने में रिस्क रहता है। बारिश आंधी की वजह से कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। हमें हर समय डर लगा रहता है कि अगर कोई दुर्घटना हो गई तो, बच्चों का क्या होगा। स्कूल की तरफ से कई बार विभाग को शिकायत की गई है। कई बार स्कूल शिफ्टिंग के लिए भी बोला गया है।

स्कूल की 8वीं क्लास में पढ़ने वाली शनाया ने बताया कि हमारे स्कूल की बिल्डिंग की बहुत खराब हालत है।इसलिए यह बिल्डिंग बननी चाहिए। क्लास में पढ़ाई करने में बहुत डर लगता है। हमें इसी बात का डर लगा रहता है कि कहीं यह बिल्डिंग गिर न जाये।

## प्रभारी सचिव रहेंगी करौली दौरे पर

**करौली** । अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि मिशन हरियालो राजस्थान के तहत 27 जुलाई को आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु 26 व 27 जुलाई को समठा शिक्षा अभियान, राजस्थान शिक्षा परिषद की राज्य परियोजना निदेशक व स्कूल शिक्षा विभाग जयपुर की आयुक्त एवं जिला प्रभारी सचिव अनुपमा जोरवाल का करौली दौरा प्रस्तावित है । उन्होंने बताया कि प्रभारी सचिव 26 जुलाई को उक्त कार्यक्रम के संबंध में जिला स्तर पर की पूर्वतैयारियों की समीक्षा करेंगी। हरियालो राजस्थान सहित राज्य सरकार की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक लेंगी। साथ ही करौली यात्रा के दौरान प्रभारी सचिव द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

## सार-समाचार

### कैबीनेट मंत्री मदन दिलावर का भरतपुर में स्वागत

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री षिक्षा एवं पंचायती राज विभाग मदन दिलावर का भरतपुर आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष षिवानी दायमा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सर्किट हाऊस पहुँच कर स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेष देते हुए एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत सभी कार्यकर्ताओं के साथ मंत्री ने सर्किट हाऊस में पौधा रोपण किया। तत्पष्चात् बौरई स्थित हनुमान जी मन्दिर में पूँजा अर्चना कर राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की सफल क्रियान्विति की मन्नत माँगी। उसके बाद कुम्हेर ग्रामीण मण्डल के गाँव पला में भी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। तत्काल में झालावाड़ के सरकारी स्कूल की छत गिरने से हुए दर्दनाक हादसे पर गहरा दुख जताया और कहा कि हादसे की तत्काल जांच करवाई जायेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाहीं करायी जायेंगी। बच्चो की सुरक्षा सर्वोपरि है भविष्य में ऐसी कोई घटना की पुनरावृति न हो जिसके लिए राज्य सरकार कारगर कदम उठायेगी।स्वागत कार्यक्रम में पूर्व प्रदेष मंत्री गिरधारी तिवारी डीग-कुम्हेर विद्यायक डॉ. शैलेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र गोयल एवं मनोज भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष मोहन रारह, जिला मंत्री दुर्गेष बूटौलिया, आई.टी जिला संयोजक अनिल गोयल, पूर्व जिला महामंत्री अनिल लोहिया, सह-संयोजक अनुराग तमरौली एवं कपिल खौकर, भरतपुर शहर मण्डल अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री दुश्यन्त सिंह,रामकुँवर चुरारी, षहर अध्यक्ष महिला मोर्चा मोनिका चौधरी, राकेष वर्मा, चन्द्रप्रकाष शर्मा, जगमोहन कटारा, मदन ताखा, आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रमेश चंद्र जिला अध्यक्ष नियुक्त

**करौली**, (निंस.) करौली शहर राशन डीलर एसोसिएशन के संपन्न हुए चुनाव में रमे'ा चन्द मीणा को जिला अध्यक्ष के पद पर चुना गया है। शुक्रवार को करौली शहर राशन डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें शहर के सभी डीलरों की सर्वसम्मति से कैलाश चंद्र गुप्ता को करौली शहर अध्यक्ष बनाया गया है वही रमेश चंद मीणा को जिला अध्यक्ष के पद पर चुना गया है इस अवसर पर जिला महामंत्री दिलीप करौली, सपोटरा तहसील अध्यक्ष रामराज मीणा, पूर्व जिला अध्यक्ष अभिमन्यु कौशिक, जिला उपाध्यक्ष दिलीप सिंह राजपूत, जिला सचिव शाकिर खान, सभी राशन डीलर उपस्थित रहे।

### जेवरात ले गये चोर

**करौली**, (निंस.) करौली शहर के चटीकना मोहल्ला निवासी प्रकाश चंद शर्मा पुत्र हजारीलाल पाराशर ने थाने पर चोरी का मामला दर्ज कराने के लिए रिपोर्ट सौपी है। पीडित प्रका'ा चन्द शर्मा ने थाने पर मामला दर्ज कराते हुए बताया कि शुक्रवार को दोपहर 12:00 बजे के करीब भोजन आदि से निवृत होकर स्वयं सहित पत्नी कमरे में अंदर से कुंडी बंद करके सो गए दोपहर 3:00 बजे नींद खुलने पर देखा तो मैन गेट खुला पड़ा था और अलमारी भी खुली पडी थी जिसमें समान देखा तो चार सोने की अंगुठी आठ आने भरी एवं एक जंजीर दो तोला सोने की सहित हजारो रुपए की नकदी को चोर चुरा कर ले गए उन्होंने कोतवाली थाने पर रिपोर्ट पे'ा करते हुए सामान बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## सरकारी भवनों व विद्यालयों की जांच के निर्देश

**करौली**, (निंस.) झालावाड में घटित विद्यालय के जर्जर भवन दुर्घटना को देखते हुए जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने सभी जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को जिले के सभी स्कूलों और सरकारी भवनों की तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने निर्देशित किया कि फील्ड स्टाफ द्वारा सभी विद्यालयों व सरकारी भवनों की वस्तुस्थिति का जमीनी स्तर पर जायजा लिया जाए और आवश्यकता होने पर तुरंत मरम्मत की कार्रवाई शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि जहां मरम्मत संभव नहीं है और भवन की स्थिति अत्यधिक जोखिमपूर्ण है, वहां संबंधित कार्यालयों और विद्यालयों को अस्थाई रूप से अन्य सुरक्षित भवनों में स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसी किसी भी लापरवाही से जनहानि नहीं होनी चाहिए, विशेषकर भवन गिरने जैसी घटनाओं से बचाव एवं सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ, सीडीईओ, सीबीईओ, समसा और उनके अधीनस्थ कर्मचारियों को आदेशित किया गया है कि वे आज ही अपने क्षेत्र के विद्यालय भवनों की स्थिति की जांच करें और शाम तक निरीक्षण रिपोर्ट जिला मुख्यालय को भिजवाये। साथ ही की गई अथवा की जा रही कार्यवाही की जानकारी भी प्रेषित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में रहकर इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ अंजाम दें। ताकि संभावित बारिश के कारण भवन क्षितग्रास्त होने के कारण किसी भी प्रकार की जनहानि से बचा जा सके।

## झालावाड़ स्कूल की घटना सरकार के लापरवाह सिस्टम का नतीजा : सूपा

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान में झालावाड जिले के पीपलोदी में एक सरकारी स्कूल की बिल्डिंग ढहने से हुई अनेकों निर्दोष मासूम बच्चों की मौत पर जिला कांठोस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने गहरा दुख एवं शोक संवेदनाएं व्यक्त की है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने कहा कि यह घटना अत्यंत हृदय विदारक है। इस घटना ने सरकार के सिस्टम की कलई खोल दी है और ऐसे राजस्थान में आज भी हजारों स्कूल मौजूद है, जिनकी बिल्डिंग पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और उन में कभी भी कोई घटना घट सकती है। गौरतलब है आज ही भरतपुर में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने स्वयं महसूस किया कि राजस्थान में इस समय हजारों स्कूल जर्जर अवस्था में है। सूपा ने बताया कि पिछली 16 जुलाई को कोटा के एक सरकारी स्कूल के मासूम विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर स्कूलों में भ्रष्टाचार और सरकारी सिस्टम की लापरवाही के बारे में अवगत कराया था।

■ **कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने कहा कि यह घटना अत्यंत हृदय विदारक है**

लेकिन इसके बावजूद भी अभी तक सरकार उन जर्जर स्कूलों की खबर नहीं ले पाई है। सूपा ने सरकार से इस घटना के लिए प्रशासन की जवाबदेही तय करते हुए घटना की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच करवाने की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग की है। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो। जिलाध्यक्ष सूपा सहित जिले के समस्त वरिष्ठ कांठोसी पदाधिकारीयों ने भी शिक्षा मंत्री से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने की मांग की है।

संवेदना व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से चुन्नी कप्तान,श्रीचंद गॉड, राम जाटव, मनोज शर्मा,लाखन हिंगोली, सुगड़ खैरा, दयाचंद पचौरी, बृजभूषण जाटव, मुकेश जाटव, योगेश सिंघल, मनोज पटेल,भरत गादोली, गजराज सिंह,चंद्रकांत शर्मा, निरंजन जघीना, रमेश पाठक, सौरभ सोलंकी, हरस्वरूप सरपंच, दीपेंद्र बुरावई, चंद्रभान फौजदार, अजयपाल दारापुरिया, प्रेम प्रजापत,जीवनलाल शर्मा, हरिमोहन शर्मा,बहादुर बयाना, हरिसिंह नागर, धर्मप्रिय शर्मा सहित अनेक कांठोसजन शामिल थे।

# करौली में सरकारी विद्यालयो की हालत खस्ता

**करौली**, (निंस.) जिला मुख्यालय पर स्थित सरकारी स्कूलों के भवनो की हालत खस्ता होने के उपरांत शिक्षा विभाग के अधिकारी सुध नहीं ले रहे हैं जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित सरकारी विद्यालयों की तो क्या लेंगे देखते हैं की झालावाड के एक सरकारी विद्यालय के भवन की छत गिरने से हुए बड़े हादसे से सबक लेकर यहां के सरकारी स्कूलों के भवनो की सुध लेते हैं या नहीं।

■ **झालावाड़ के एक सरकारी विद्यालय के भवन की छत गिरने से हुए बड़े हादसे से सबक लेकर यहां के सरकारी स्कूलों के भवनो की सुध लेते हैं या नहीं**

वैसे तो जिले में अधिकांश सरकारी स्कूल भवनो की हालत ज्यादा ठीक नहीं है इधर जिला मुख्यालय पर देखें तो यहां जिला मुख्यालय पर करीब एक दर्जन सरकारी विद्यालय है जिन विद्यालयों में से कुछ विद्यालय भवनों की हालत बड़ी खस्ता है जिनकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कभी सुध नहीं ली जिनमे खास तौर से यहां के हिंडौन गेट बाहर पुराना कन्या महाविद्यालय जर्जर हालत में है जिसके सामने होकर शहर के व्यस्ततम सड़क मार्ग जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तक दिनभर लोगों का आवागमन बना रहता है जिस पुराने कन्या महाविद्यालय के अगले हिस्से से कई बार अकस्मात बड़े-बड़े पत्थर टूट कर मुख्य सड़क मार्ग पर गिरे गनीमत यह रही की कोई बड़ा हादसा नहीं घटा इसी प्रकार हिंडौन गेट के ऊपर स्थित विद्यालय भवन की एक पट्टी टूट कर गत महीने मुख्य सड़क मार्ग पर अकस्मात गिर गई तब भी गनीमत यह रही की कोई बड़ा हादसा नहीं घटा इसके अलावा वजीरपुर गेट पर स्थित कन्या विद्यालय भवन की भी हालत बड़ी खस्ता है पूर्व में एक भवन की पट्टियां टूट गई तब भी बड़ा हादसा होने से टल गया देखने लायक यह है कि यदि शिक्षा विभाग के अधिकारी और प्रशासन ने समय रहते सरकारी विद्यालयो के भवनों की हालत को नहीं देखा तो इन दिनों चल रहे बरसात के दौर से फिर इन सरकारी विद्यालयों के भवनों मे कभी भी बड़ा हादसा घट सकता है।

## शिक्षा मंत्री दिलावर ने दौरा रदद कर झालावाड पहुंचे

**भरतपुर** (निस)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर दो दिवसीय दौरे पर भरतपुर पहुंचे लेकिन शिक्षा मंत्री को अपना दौरा रद्द कर झालावाड के लिए जाना पड़ा क्योंकि झालावाड़ जिले में मनोहर थाना इलाके के गाँव पीपलौदी में राजकीय प्राथमिक स्कूल की जर्जर बिल्डिंग गिरने से पांच बच्चों की मौत हो गई और लगभग 30 बच्चे घायल है जिनका सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले को लेकर भरतपुर दौरे पर आये शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने प्रेस से बातचीत करते हुए कहा कि झालावाड जिले में एक सरकारी स्कूल की बिल्डिंग गिरने की दुर्घटना हुई है जिसमें पांच बच्चों की मौत हुई है और करीब 20 बच्चे घायल हुए हैं । घायल बच्चों का नजदीक अस्पताल में इलाज चल रहा है और सभी अधिकारी वहां पहुंच गए हैं। शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी जयपुर से मौके के लिए रवाना हो गए हैं। मैं खुद भी भरतपुर से मौके पर जाने के लिए निकल रहा हूं। हमारा सबसे बड़ा काम है बच्चों को राहत पहुंचाना। सरकार इस घटना की पूरी जांच कराएगी । हमने पूर्व में भी निर्देश दे रखे थे कि जो बिल्डिंग जर्जर हैं उनमें बच्चों को नहीं बिठाए। राजस्थान में हजारों की संख्या में सरकारी स्कूलों की बिल्डिंग जर्जर है उन स्कूल बिल्डिंगों की मरम्मत के लिए सरकार ने 200 करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी कर दी है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भरतपुर दौरे पर आये है लेकिन इसे बीच में छोडकर झालावाड के लिए रवाना हो गये।

■ **प्रदेश मे हजारों बिल्डिंग है जर्जर, स्कूल बिल्डिंगों की मरम्मत के लिए 200 करोड़ रूपये स्वीकृत किये**

## आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारियो ने सीएम के नाम एडीएम को सौपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी** । राजस्थान आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौप कर डीआईएमएस में लाइन एंट्री आदेश प्रत्याहरित करने एवं आयुष्मान आरोज्य मंदिर में संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि ओषधियो के समुचित संधारण एवं रख रखाव का काम नर्सिंग कार्मिको का है। लेकिन अधिकतर चिकित्सालयो में आयुर्वेदिक नर्सिंग स्टाफ की कर्मी से ये कार्य चिकित्साधिकारी को करना पड रहा है जो कि नियम विरूद्ध है। वहीं औषधी को पोर्टल पर अपलोड करने एवं खतौनी करने पर रोगी का जनाधार नम्बर लिखना अनिवार्य कर रखा है। लेकिन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में जनआधार नम्बर लिखना अनिवार्य नहीं हैं। इसे यहां सेभी हटाया जाए। सभी आयुर्वेद चिकित्साधिकारियो ने सरकार से आयुष्मान आरोज्य मंदिर में पर्याप्त भवन, कार्मिक एवं संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की है। इसके साथ ही चिकित्साधिकारी डा आनन्द बिहारी शर्मा, डा पृथ्वी मीना, डा सुरेश चंद शर्मा, डा वेदप्रकाश मीना, डा मनोहर लाल शर्मा, मगन लाल मीना, ओमप्रकाश मीणा, हरिज्ञान पोषवाल, शिवचरण सिंह पोषवाल, तुलसीराम , कृष्ण गोपाल, सलीम खान, नरेश मीणा, लखन लाल मीणा, विमल कुमार आदि ने मुख्यमंत्री से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की नियुक्ति करने, मल्टी टॉस्क वर्कर की नियुक्ति करने की मांग की है। जिससे चिकित्साध्किारी अपना मूल कार्य का निर्वहन कर सके। सभी चिकित्साधिकारियो ने सरकार से उक्त सभी समस्याओ का समय रहते निस्तारण करने की मांग करते हुए समाधान नहीं होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है।

## गौ सेवको ने किया पौधारोपण, 151 पौधे रोपे

**गंगापुर सिटी** । हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रात: 1० बजे श्री नंगे बाबा गौशाला समिति गंगापुर सिटी के तत्वाधान में जवाहर नवोदय विद्यालय, जाट बडौदा, गंगापुर सिटी के पास स्थित जेल भवन हेतु आवंटित नवीन भूमि प्रांगण मे पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पौधारोपण कार्यक्रम मे नवीन प्रांगण मे नीम, पीपल, सांगवान, करंज, सिरस आदि के 151 छायादार पौधे लगाये गये। समिति सदस्यो द्वारा इन पौधों की समय समय पर देखभाल करने का भी निर्णय लिया। कार्यक्रम के दौरान नंगे बाबा गौशाला अध्यक्ष गंगाप्रसाद गुप्ता, एडवोकेट, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण प्रॉपटी, महामंत्री शिवनारायण गुप्ता, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद खंडेलवाल, व्यवस्थापक अशोक कुमार गुप्ता जीवली वाले सहित सैकडो गौशाला सदस्य उपस्थित रहे।

■ **पौधारोपण करते गौ सेवक**

# सीएमएचओ को 17 सीसीए के तहत चार्जशीट

**करौली** । जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि स्थानीय समाचार पत्र में मूंडिया में सीएचसी निर्माण की राह में रोडे, सीएम की घोषणा के बाद भी नहीं मिली जमीन खबर प्रकाशित हुई। खबर के संबंध में कार्यालय में उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर 4 जुलाई 2025 को ग्राम मूंडिया तहसील बालघाट में क्रमोन्नत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को भूमि आवंटित करने के आवश्यक निर्देश प्रदान कर दिये गये थे। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जयंती लाल मीणा के द्वारा भूमि आवंटन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत भी आपके द्वारा भूमि आवंटन की प्रक्रिया लंबित होने के कारण कार्य प्रारंभ नही हो सका ऐसा गैर जिम्मेदाराना कथन जिला प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्नवाचक चिन्ह लगाता है। ऐसी स्थिति में इस प्रकार के गैर जिम्मेदाराना कथन आमजन में सरकार अथवा जिला प्रशासन के प्रति अविश्वास, अकर्मण्यता एवं भ्रम पैदा करने वाला है जो कि आपके कार्य के प्रति लापरवाही को उजागर करता है इस संबंध में सीएमएचओ को 17 सीसीए के तहत चार्जशीट देने के निर्देश दिये गये है।

## बृज चौरासी यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

**गंगापुर सिटी** । श्री गोवर्धन सेवा समिति की बैठक पुरानी अनाज मंडी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कमलेश गोयल खिदरपुर ने की। कार्यकारिणी सदस्य मदन गोपाल गुप्ता ने बताया कि बैठक में गोवर्धन धर्मशाला से जुडे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। समिति की ओर से आयोजित बृज चौरासी कोस की ग्यारहवीं यात्रा 11 अगस्त 2०25 को निकाली जाएगी। यह यात्रा संस्था की ओर से निर्धारित नियमों के अनुसार वाहनों से करवाई जाएगी। यात्रा की सफलता के लिए विजय गोयल धोधूपुरा को संयोजक नियुक्त किया गया है। मदन गोपाल बैग, प्रमोद मोदी, घनश्याम बजाज और बाबूलाल कर्णावत सहसंयोजक की भूमिका निभाएंगे। व्यवस्थापक की जिम्मेदारी महेश बंसल को सौपी गई है। यात्रा सोमवार 11 अगस्त को दोपहर 2 बजे चार पहिया वाहनों से गोवर्धन धर्मशाला के लिए प्रस्थान करेगी। उसी दिन सुबह विधिवत पूजन के साथ यात्रा का शुभारंभ होगा। यात्रा का समापन 21 अगस्त को भंडारे के साथ किया जाएगा। संस्थान अध्यक्ष कमलेश गोयल ने बताया कि यात्रा में शामिल होने के इच्छुक यात्री कार्यकारिणी, संयोजक, सहसंयोजक या व्यवस्थापक से संपर्क कर सकते हैं। सीटें पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बुक की जाएंगा ।

■ **11 अगस्त को जायेगी यात्रा, संयोजको को सौपी जिम्मेदारी**

# भरतपुर में लघु उद्योग भारती की मासिक बैठक संपन्न

**भरतपुर** (निस)। लघु उद्योग भारती भरतपुर इकाई की मासिक बैठक का आयोजन चौम्बर भवन, नई मंडी, भरतपुर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. प्रेम सिंह कुंतल ने की। उन्होंने अपने स्वागत उद्बोधन में उपस्थित सभी सदस्यों का अभिनंदन करते हुए संगठनात्मक सहयोग और सक्रिय सहभागिता की सराहना की।

महामंत्री राहुल बंसल ने गत बैठक की कार्यवाही का वाचन कर उसे सदस्यों के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई।

■ **महामंत्री राहुल बंसल ने गत बैठक की कार्यवाही का वाचन कर उसे सदस्यों के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई**

प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य संजय चौधरी ने जयपुर में संपन्न प्रांतीय बैठक की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने भरतपुर के उद्यिमयों को टीटीजेड, एनसीआर तथा खनन विभाग से जुड़ी समस्याओं की जानकारी दी और बताया कि इन मुद्दों को संबंधित विभागों के मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जिस पर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ हो चुकी है। चौधरी ने यह भी कहा कि सभी उद्यमीगण अपनी समस्याएं विस्तारपूर्वक और समाधान सुझाव सहित लिखित रूप में इकाई अध्यक्ष को प्रेषित करें, ताकि उन्हें उच्च स्तर पर प्रभावी रूप से उठाया जा सके। बैठक में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष चर्चा हुई, जिसमें गिरीश सिंघल ने वृक्षारोपण पर बल देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आ ान किया। इस पर मनोज अठावाल ने सुझाव दिया कि पौधारोपण उसी स्थान पर किया जाए जहाँ उनकी समुचित देखभाल सुनिश्चित हो सके। अमित चौधरी ने राज्य स्तरीय उद्यमी सम्मेलन के आयोजन का प्रस्ताव रखा, जिसमें प्रदेश एवं केंद्र स्तर के उद्योग मंत्रियों तथा लघु उद्योग भारती के वरिष्ठ पदाधिकारियों को आमंत्रित करने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि ऐसा आयोजन भरतपुर की उद्योग समस्याओं को बड़े मंच पर रखने और नदतमहपेजमतमक उद्यिमयों को संगठन से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा।

कोषाध्यक्ष मनीष सिंघल ने संस्था की आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में डॉ. प्रेम सिंह कुंतल, संजय चौधरी, अमित चौधरी, मनीष सिंघल, गिरीश सिंघल, कमलजीत सिंह मग्गो, नीरज मित्तल, मनोज अग्रवाल , राजीव मित्तल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का सफल संचालन महामंत्री राहुल बंसल द्वारा किया गया।

## बच्चों को दी श्रद्धांजलि

**भरतपुर** (निस)। झालावाड के पिपलोदी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में विद्यालय की छत गिरने ढहने से सात बच्चों के आकस्मिक निधन पर सर्व शक्ति मित्र मण्डल फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष नैमीचंद शर्मा के निवास पर शोक सभा रखी गई। जिसमें जान गंवाने वाले बच्चों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई,साथ ही घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने पीड़ित परिवारों को दुरूखद कष्ट को सहन करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

शोक सभा में मृत बच्चों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। शोक सभा में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि राज्य सरकार को चाहिए कि वह समसा व पीडब्ल्यूडी के माध्यम से सभी जर्जर भवनों वाले विद्यालयों का मुआयना करवाकर भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र जारी करवायें, उसके पश्चात ही उन भवनों में बच्चों को पढ़ाने के लिए उपयोग में लेना चाहिए । श्रद्धांजलि सभा में श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदार पाराशर, सर्वशक्ति मित्र मण्डल फाउंडेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा जती, जिलाध्यक्ष नेमीचंद मुद्गल, डीओआईटी के सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक कमल किशोर शर्मा, मदन गोपाल शर्मा, सेवानिवृत्ति सहायक लेखाधिकारी ईश्वरीप्रसाद शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, सेवानिवृत्ति सहायक अभियंता इंजी. देवकीनन्दन शर्मा, राजस्थान रोडवेज संघ के संभागध्यक्ष दिनेश शर्मा जघीना, श्री ब्राह्मण सेवा समिति तिलक नगर के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारीलाल शर्मा, एलआईसी के लालचंद शर्मा सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

■ **झालावाड़ के सर्व शक्ति मित्र मण्डल फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष नैमीचंद शर्मा के निवास पर शोक सभा रखी गई**

## क्रू एवं ट्रेन मैनेजर लॉबी गंगापुर सिटी पर विरोध प्रदर्शन

**गंगापुर सिटी**, । वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के तत्वाधान में रनिंग स्टाफ गंगापुर सिटी ने क्रू एवं ट्रेन मैनेजर लॉबी गंगापुर सिटी पर विरोध प्रदर्शन किया। 35 सूत्री मांगों को लेकर गंगापुर लोको रनिंग स्टाफ एवं ट्रेन मैनेजर साथियों द्वारा विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें रनिंग स्टाफ की विभिन्न समस्याओं तथा प्रशासन की हटद्धर्मिता एवं मनमाने फैसलों के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया गया। मंडल कार्यालय डीआरएम ऑफिस कोटा पर भी रनिंग स्टाफ द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। गंगापुर सिटी में हुए विरोध प्रदर्शन में वेस्ट सेंट्रल रेल्वे एम्पलाइज यूनियन कोटा मंडल के सहायक महामंत्री कॉमरेड प्रकाश शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष हरिप्रसाद मीणा, लोको इंस्पेक्टर चंद्र शेखर शर्मा, आदि मौजूद थे।

**आम सूचना**

मैं धर्मेन्द्र सिंह जागा पुत्र रोशन सिंह जागा निवासी करौली तह. जिला. करौली शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि मोहितेन्द्र सिंह उर्फ मोहित पुत्र धर्मेन्द्र सिंह मेरा पुत्र है। जो मेरी कहन में नही है। तथा आवारा किस्म के लोगों के साथा रहता है। जिसके लिए यदि कोई भी व्यक्ति लेन देन करता है। उसकी मेरी कोई जिम्मेदारी नही होगी। मैं मेरी समस्त सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में मेरा इससे कोई लेना-देना नही है।

**आम सूचना**

मैं बाबूदी देवी पत्नि लल्लूराम मीना निवासी नारौली तहसील सपोटरा जिला करौली शपथ पूर्वक बयान करती हूँ कि मेरे पुत्र सुरेश चन्द मीना के नाम एक ट्रेक्टर जिसका रजिस्ट्रेशन नं. आर.जे. 34 आर.बी. 7663 व इंजिन नं. एस. 325-1एन 00632 एवं चैसिस नं. एमइए9 बी 161 एपी 2456255 है। मेरे पुत्र का स्वर्गवास 08.01.2025 को हो गया है। टैक्टर की एन.ओसी व नाम ट्रांसफर के लिए मुझ शपथग्रहिता का नाम अलोट हुआ है। उक्त ट्रेक्टर को मेरे नाम कराना चाहती हूँ। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वो 7 दिवस के अन्दर परिवहन कार्यालय करौली में आपत्ति दर्ज करा सकता है। समय निकलने बाद आपत्ति स्वीकार नही मानी जावेगी।

# शासन सचिव ने प्री वेटरिनरी टेस्ट को पारदर्शी तरीके से कराने के निर्देश दिए

## शासन सचिव पशु पालन डॉ समित शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

**जयपुर** । शासन सचिव पशुपालन, गोपालन और मत्स्य डॉ समित शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय में राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान महाविद्यालय, (राजूवास) बीकानेर/जोबनेर, जयपुर के संघटक पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालयों एवं संबद्ध वेटरिनरी कॉलेजों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से अगस्त में आयोजित होने वाले राजस्थान प्री वेटरिनरी टेस्ट पर चर्चा हुई। शासन सचिव ने निर्देश दिए कि यह परीक्षा पूर्ण रूप से निष्पक्ष, कदाचार रहित और पारदर्शी तरीके से करवाना सुनिश्चित करें। किसी भी तरह की अनियमितता बिल्कुल बरदाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने परीक्षा की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और पारदर्शी करने के सख्त निर्देश दिए।

■ **पशु चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश पारदर्शी और मेरिट के आधार पर हो**

उन्होंने कहा कि परीक्षा और प्रवेश की पूरी प्रक्रिया केंद्रीकृत होनी चाहिए। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि परीक्षा में किसी प्रकार की कोई धांधली नहीं होनी चाहिए। सरकार इसके प्रति बहुत गंभीर है अगर ऐसा मामला कहीं भी सामने आता है तो जिम्मेदार लोगों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान प्री वेटरिनरी टेस्ट की परीक्षा 3 अगस्त को प्रदेश के चार शहरों उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर और जयपुर के 33 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। शासन सचिव ने निर्देश दिए कि इन केंद्रों पर शुचितापूर्ण परीक्षा की सारी माकूल व्यवस्थाएं आवश्यक रूप से सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने राजूवास को निर्देश दिए कि परीक्षा से पहले मानक संचालन प्रक्रिया जारी हो जानी चाहिए। डॉ शर्मा ने सीटों की हेराफेरी करनेवालों को रोकने के लिए एक सेल गठित करने के निर्देश दिए और कहा कि पूरी प्रक्रिया भ्रष्टाचार रहित होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सा डिप्लोमा कार्यक्रम के संचालनकर्ता कॉलेजों की संबद्धता तभी करें जब वे राष्ट्रीय पशु चिकित्सा परिषद के सभी मानकों को पूरा करते हों। डॉ शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी पशु चिकित्सा संस्थानों को राष्ट्रीय पशु चिकित्सा परिषद के मानदंडों पर काम करना होगा इसमें किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि 31 जुलाई तक सभी कॉलेजों को बायोमेट्रिक अटेंडेंस वेबसाइट पर, अध्यापकों की पारदर्शी सूची प्रदर्शित करने आदि नियमों का पालन करना होगा अन्यथा कॉलेजों की असंबद्धता के लिए राष्ट्रीय पशु चिकित्सा परिषद को अनुशंसा भेज दी जाएगी।

उन्होंने सभी कॉलेजों को सभी प्रकार के उपकरण और औजार की उपलब्धता और उनका उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि कॉलेज के संचालन में भी पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए। उन्होंने चिकित्सा संस्थानों को निर्देश दिए कि पूरे सत्र का कैलेंडर पूर्व में ही तैयार करें और उसकी अनुपालना भी सुनिश्चित करें साथ ही सत्र समयपर प्रारंभ हों और समय पर समाप्त हों ऐसी व्यवस्था भी सुनिश्चित हो।

बैठक में शासन उपसचिव संतोष करोल, राजुवास के प्रो वाइस चांसलर डॉ हेमंत दाधीच, डॉ ब्रजनंदन श्रृंगी, निदेशक शोध, डॉ प्रकाश, डॉ अशोक डांगी, डॉ साकार पालेचा सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

# जर्जर भवनों एवं संरचनाओं को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने सख्त निर्देश दिये

**जयपुर**। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिले में स्थित जर्जर एवं खतरनाक भवनों तथा संरचनाओं को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में ऐसे भवन आमजन की जान-माल के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं, अतः इन्हें प्राथमिकता से चिन्हित कर नियमानुसार ध्वस्त किया जाए। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि नगरपालिका, नगर परिषद, नगर निगम तथा ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर आमजन के आवास, विद्यालय, अस्पताल, सरकारी कार्यालय भवन सहित ऐसे सभी भवनों की सूची तैयार की जाए, जो उपयोग में होने के बावजूद बेहद जर्जर हालत में हैं। ऐसे मामलों में भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर नियत समय में भवन खाली कराने की कार्रवाई की जाए।

जिला कलक्टर ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि वे स्वयं अथवा किरायेदार के रूप में किसी पुराने, जर्जर या असुरक्षित भवन में रह रहे हैं, तो शीघ्र उस भवन को खाली कर लें। जन सुरक्षा सर्वोपरि है और इस दिशा में जिला प्रशासन सजग और संकल्पित है।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और संभावित जोखिम वाले भवनों के संबंध में नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने झालावाड के पीपलोदी स्कूल हादसे पर संवेदना व्यक्त की

**जयपुर** । झालावाड़ जिले के पीपलोदी क्षेत्र में हुए विद्यालय भवन हादसे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए राठौड़ ने कहा कि यह एक अत्यंत पीड़ादायक घटना है और पूरा भाजपा परिवार शोकसंतप्त परिजनों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार इस कठिन समय में हर संभव संबल और सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार दुखी परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। राहत और पुनर्वास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि इस हादसे की तत्काल जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें सीईओ, जिला परिषद झालावाड़, एसडीएम मनोहरथाना और अधीक्षण अभियंता झालावाड़ को शामिल किया गया हैं। जांच समिति शीघ्र ही दुर्घटना के कारणों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार ने पहले ही सभी जिलों और विद्यालयों को भवनों की स्थिति को लेकर अलर्ट जारी किया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचने के लिए सभी जर्जर भवनों को चिह्नित कर सुरक्षित रूप से ध्वस्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, इसके लिए भी स्थानीय निकायों को पत्र जारी किए गए है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि इस दुखद समय में राजनीति करना निंदनीय है। हम सबको राजनीति से ऊपर उठकर पीड़ितों की सहायता के लिए कार्य करना चाहिए। जो लोग आज बयानबाजी कर रहे हैं, उन्हें यह याद रखना चाहिए कि वे स्वयं कभी शिक्षा मंत्री रहे हैं। डोटासरा को ध्यान रखना चाहिए कि यह भवन काफी पुराना बना हुआ है, लेकिन यह समय राजनीति का नहीं है।

उन्होंने यह भी बताया कि हादसे की जानकारी मिलते ही भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों में सक्रिय सहयोग किया। चिकित्सा व्यवस्था पर राठौड़ ने बताया कि सरकार ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम भेज दी है और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए पाबंद किया गया है। उन्होंने बताया कि हमने पहले भी समय-समय पर अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। कुछ अधिकारियों की लापरवाही सामने आने पर निलंबन की कार्रवाई भी की गई है। यह घटना अत्यंत दुखद है और हमने अपने मासूम बच्चों को खो दिया है, जिसका दुख हम सबके मन में है।

## सार-समाचार

### केनरा बैंक डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियम लीग सीजन 4 का शुभारम्भ



**जयपुर**। केनरा बैंक डीएमपीएल सीजन 4 के संयोजक डॉ संदीप निझावन ने बताया कि 25 जुलाई को इसके चौथे संस्करण का शुभारंभ आरआईसी जयपुर में फर्स्ट इंडिया न्यूज़ के सीईओ व मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने किया ,कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि गीतांजली मेडिकल कॉलेज जयपुर के प्रिंसिपल व डीन डॉ अशोक गुप्ता व बॉलीवुड सिंगर रवींद्र उपाध्याय थे। लीग के आयोजन अध्यक्ष डॉ संजीव गुप्ता ने बताया कि उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि पवन अरोड़ा ने इस तरह कि प्रतियोगिता की आवश्यकता बताते हुए इसके सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व डीएमपीएल के ब्रांड एंबेसडर रवींद्र उपाध्याय ने कहा कि डॉक्टर्स में भरपूर टैलेंट है और वे अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते है ।चीफ कॉर्डिनेटर डॉ हर्षुल टाक ने बताया कि गौरी ज्वेलर्स से गौरी माहेश्वरी व महिमा ग्रुप से धीरेंद्र मदान ने भी इस अनूठे आयोजन की तारीफ़ करते हुए इस आयोजन से जुड़ें। मंच संचालन डॉ रवींद्र सिसोदिया ने किया।

### महिलाओं ने तीज उत्सव मनाया



**जयपुर**। रंगोली गार्डन की महिलाओं ने यहां वैशाली नगर स्थित एक होटल में तीज उत्सव पारंपरिक ढंग से मनाया। कार्यक्रम में करीब एक सौ से अधिक आकर्षक लिबास में सजीली महिलाओं ने उत्साह से हिस्सा लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मिसेज राजस्थान-2025 निधि शर्मा व रजनी मेहता ने विनर्स को तीज क्वीन, लहरिया क्वीन, रैंपवॉक क्वीन जैसे टाइटल्स से भी नवाजा। आयोजक डोली छाबड़ा व महिमा शर्मा ने बताया कि आकर्षक लिबास में सभी महिलाओं तीज पर्व के पारंपरिक लोकगीतों पर कदम थिरकाए। साथ ही आकर्षक रैंपवॉक के दौरान तीज पर्व के इन्द्रधनुषी रंग बिखेरे। कार्यक्रम के दौरान कई रोचक गेम्स ने भी माहौल को खुशनुमा बनाया। कार्यक्रम में डाइटिशियन कीर्ति जैन, नीतू, रीना और नीलम आदि मौजूद रहीं। संचालन एंकर करन ने किया।

### मार्केट में उतरे दो नए इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स




**जयपुर**। पियाजियो व्हीकल्स ने अपने इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर सेगमेंट में दो नए मॉडल्स- आपे ई-सिटी अल्ट्रा और आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स लॉन्च किए हैं। ये दोनों गाड़ियाँ खासतौर पर भारत की जमीनी हकीकत को ध्यान में रखकर डिज़ाइन की गई हैं। पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि. के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डिएगो ग्राफी ने कहा, ''भारत में ईवी की माँग तेज़ी से बढ़ रही है और हम चाहते हैं कि हमारे वाहन न सिर्फ टिकाऊ हों, बल्कि लोगों की आजीविका भी बेहतर करें।'' पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट- सीवी डॉमेस्टिक बिजनेस और रिटेल फाइनेंस, अमित सागर ने कहा, ''ग्राहकों की जरूरत है- लंबी रेंज, दमदार बैटरी और कम खर्च। यही सोचकर हमने ये नए मॉडल्स बनाए हैं, जो हर मायने में भरोसेमंद हैं।'' आपे ई-सिटी अल्ट्रा देता है 236 किमी की रेंज, 9.55 किलोवॉट की पावर, बूस्ट मोड, क्लाइंब असिस्ट और स्मार्ट 4जी टेलीमैटिक्स जैसे एडवांस्ड फीचर्स।

### पुस्तक ''निज से, निज को'' का लोकार्पण समारोह 27 को

**जयपुर**। प्रवीणचंद्र छाबड़ा द्वारा रचित पुस्तक ''निज से, निज को'' का लोकार्पण समारोह आगामी 27 जुलाई 2025 (रविवार) को प्रातः 10:30 बजे जयपुर स्थित पिंक सिटी प्रेस क्लब, नारायण सिंह सर्कल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विनोद शंकर दवे (भूतपूर्व न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय) और नंद भारद्वाज (हिंदी और राजस्थानी भाषा के वरिष्ठ कवि, कथाकार एवं समीक्षक) विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।समारोह के विशिष्ट वक्ता होंगे, विजय त्रिवेदी, जो पूर्व एडिटर एनडीटीवी इंडिया, लेखक एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं।

### सिम विक्रेताओ को गिरफ्तार किया



**जयपुर**। शास्त्री नगर थाना पुलिस ने संदिग्ध सिम विक्रेताओ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन सिम विक्रेताओ को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछकी जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि शास्त्री नगर थाना पुलिस ने संदिग्ध लोगों को सिम कार्ड बेचान करने वाले पीएसओ के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बिकार मोबाईल पॉइन्ट के संचालक मोहम्मद बिकार निवासी शास्त्री नगर ,बरकत मोबाईल पॉइन्ट के संचालक फारुख निवासी नाहरी का नाका जयपुर और कुरैशी मोबाईल पॉइन्ट से आसिफ हुसैन निवासी शास्त्री नगर को गिरफ्तार किया है और साथ ही बेची गयी संदिग्ध सिम कार्ड के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### देवनानी से नव नियुक्त कुलगुरू अग्रवाल की मुलाकात

**जयपुर**। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से यहां विधान सभा में महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के नव नियुक्त कुलगुरू सुरेश कुमार अग्रवाल ने शिष्टाचार भेंट की। अग्रवाल ने देवनानी से विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में किये जाने वाले नवाचारों पर चर्चा की।

### नेशनल पावरलिफ्टिंग में जीते मैडल

**जयपुर**। नेशनल पावरलिफ्टिंग 2025 में राजस्थान के चार खिलाड़ियों हर्ष, सोनू , आयुष, शुभम ने जीते मेडल। चारों खिलाड़ी जयपुर के विद्याधर नगर विधानसभा के रहने वाले है ! कोच नैतिक जांगिड ( राष्ट्रीय पदक विजेता) शिव शक्ति जिम ने बताया की चारों खिलाड़ियों का दो महीने बाद होने वाले इंटरनेशनल गेम में भी चयन हुआ है । विद्याधर नगर विधानसभा के जन सेवक विष्णु प्रताप सिंह द्वारा इन सभी खिलाड़ियों का तलवार भेंट कर सम्मान किया गया।

# देवनानी का शहीदों को नमन किया

**जयपुर**। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। यह दिन उन वीर सपूतों की याद में समर्पित है जिन्होंने 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ कारगिल युद्ध में अदम्य साहस दिखाया और भारत की सरहदों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

# हेरिटेज निगम 26 जुलाई को मनाएगा सिंजारा तीज महोत्सव

**जयपुर**। नगर निगम हेरिटेज जयपुर की ओर से 26 जुलाई शनिवार को सिंजारा तीज महोत्सव आयोजन किया जाएगा। हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव के नेतृत्व में आदर्श नगर में होने वाले इस आयोजन में शहरवासियों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन भी किए जाएंगे। सिंजारा तीज महोत्सव में राजस्थानी संस्कृति और सभ्यता को दर्शाया जाएगा। जिसमें कई प्रतियोगिता आयोजित की गई है। मेंहदी प्रतियोगिता, साफा बंधाई प्रतियोगिता, लहरिया प्रतियोगिता, बनी ठनी प्रतियोगिता का आयोजन शहरवासियों के लिए किया जाएगा।

# न्यायिक कर्मचारियों का सामूहिक अवकाश जारी

**जयपुर**। कैडर पुनर्गठन की मांग को लेकर प्रदेश न्यायिक कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों का सामूहिक अवकाश शुक्रवार को भी जारी रहा। हाईकोर्ट के आदेश की पालना में डीजे कोर्ट प्रशासन ने कर्मचारियों को काम पर नहीं लौटने पर कार्रवाई की चेतावनी भी जारी की है।कर्मचारी संघ के संरक्षक बद्रीलाल चौधरी ने बताया कि हमारे आंदोलन को कई वकील संगठनों का समर्थन मिला है। जब तक कैडर पुनर्गठन को लेकर चल रही हमारी मांग पूरी नहीं होती, हम सामूहिक अवकाश जारी रखेंगे। हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ ने दो साल पहले कैडर पुनर्गठन को लेकर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा था, लेकिन राज्य सरकार अभी तक उस पर निर्णय नहीं कर पाई है।

■ **डीजे कोर्ट प्रशासन ने कर्मचारियों को काम पर नहीं लौटने पर कार्रवाई की चेतावनी भी जारी की**

जबकि दूसरी ओर राज्य कर्मचारियों का कैडर पुनर्गठन पूर्व में ही किया जा चुका है। इसके अभाव में न्यायिक कर्मचारियों को हर माह हजारों रुपए का आर्थिक नुकसान होने के साथ-साथ पदोन्नित भी समय पर नहीं हो पा रही है।

# झालावाड़ हादसे पर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने जताया दुःख

**जयपुर**। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने झालावाड़ जिले के मनोहरथाना ब्लॉक में एक सरकारी स्कूल की बिल्डिंग गिरने से हुई जनहानि को दुःखद और अत्यंत व्यथित करने वाली बताया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैंने इस संदर्भ में स्थानीय प्रशासन से राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली है। त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए कहा है।

# पुलिस ने 22 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया

**जयपुर**। करणी विहार थाना पुलिस ने हार्डकोर, एचएस, गैंग के सक्रिय बदमाश, भगोडे, फरार अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए 22 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जिनमें 05 स्थायी वारंटी, 02 आर्म्स एक्ट और धारा 170 बीएनएसएस में एचएस सहित 17 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय जयपुर राजस्थान की ओर से 31 जुलाई तक चलाये जा रहे विशेष अभियान हार्डकोर, एच.एस. गैंग के सक्रिय सदस्य, वांछित अपराधी एवं भगौड़े जो क्षेत्र में अपराध करते रहते हैं, इन वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए समस्त थानाधिकारी जयपुर पश्चिम को निर्देशित किया गया था। जिसके चलते करणी विहार पुलिस के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

# आबकारी निरोधक टीम ने 60 कार्टून अवैध शराब बरामद कर पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया

**जयपुर** । आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी निरोधक टीम जयपुर शहर व ग्रामीण की संयुक्त कार्यवाही में नकली होलोग्राम की 60 कार्टन अवैध शराब जब्त की गई एवं पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।



**नकली होलोग्राम की 60 कार्टन अवैध शराब सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया ।**

अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन जयपुर ने बताया कि जयपुर में नकली होलोग्राम की अवैध शराब जब्त की गई। आबकारी निरोधक दल द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र से स्कॉर्पियो वाहन से 30 कार्टन नकली होलोग्राम की देशी शराब बरामद की गई। इसी क्रम में जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में एक स्कूटी से 6 कार्टन देशी शराब 288 पव्वे बरामद किए। झोटवाड़ा क्षेत्र में 305 पव्वे आरएमएल शराब एवं दादी का फाटक जयपुर क्षेत्र से 26 पव्वे घूमर ब्रांड अवैध शराब बरामद की गई। उक्त कार्यवाही में मुकेश जांगिड़, अर्जुन सिंह, राकेश जाट, वरूण सिंह, राजू यादव को गिरफ्तार किया गया।

आबकारी निरोधक दल की उक्त कार्यवाही से मिली सूचना के आधार पर चौमू में भी 2 अलग- अलग कार्यवाही में 23 कार्टन एवं 121 अवैध शराब के पव्वे बरामद किए गए। चौमू में एक महिला अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही उपायुक्त आबकारी निरोधक दल जयपुर के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी देविका तोमर, सहायक आबकारी अधिकारी शिवकुमार सिंह, प्रदीप बिश्नोई, आबकारी निरीक्षक जयपुर जितेन्द्र सिंह शेखावत, आबकारी निरीक्षक चाकसू गगन यादव, प्रहराधिकारी नरेन्द्र सिंह द्वारा मय जाब्ता की गई।

# बैंक से रुपये लेकर निकले युवक से नौ लाख रुपए लूटे

**जयपुर**। बजाज नगर थाना इलाके में बैंक से रुपये लेकर निकले युवक से नौ लाख रुपए लूटने का मामला सामने आया है। पुलिसकर्मी बताकर बदमाश कार में डालकर युवक का अपहरण कर ले गए थे और दो किलोमीटर दूर रास्ते में फेंककर बदमाश फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेकर मामले की जांच कर रही है।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी मालवीय नगर) आदित्य पूनिया ने बताया कि बजाज नगर थाना इलाके में स्थित दुर्गापुरा एसएल कट के पास आरबीएल बैंक से नौ लाख रूपये लेकर निकले पीड़ित जयवंत का बैंक के बाहर आए चार युवकों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर उसका अपहरण कर ले गए। जिसके बारे में वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। अपहरणकर्ताओं ने दो किलोमीटर दूर ले जाकर जीटी के पास रास्ते में फेंक कर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने अपहरण जसवंत की जानकारी कर तलाश शुरू की। जीटी के पास मिलने पर पुलिस उसे अपने साथ पुलिस स्टेशन ले आई। पीड़ित की ओर से अपहरण कर लूट मामले में शिकायत नहीं दी गई।

■ **पुलिसकर्मी बताकर बदमाश कार में डालकर युवक का अपहरण कर ले गए थे और दो किलोमीटर दूर रास्ते में फेंककर बदमाश फरार हो गए**



**विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को उदयपुर में आचार्य पुलक सागर की 27 दिवसीय प्रवचन श्रृंखला में पहुँचकर उनसे आशीर्वाद लिया, देवनानी ने कहा कि आचार्य पुलक सागर के प्रेरणादायी विचारों से आध्यात्म, संयम, सदाचार एवं आत्मशुद्धि की भावना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि ओजस्वी प्रवचनों ने जनमानस मेंआध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्यों के प्रति नई ऊर्जा का संचार भी होता है।**

# युगांडा में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ को मिला जैफ इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी का दर्जा

**जयपुर** । युगांडा में स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाला संस्थान इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड अलाइड साइंसेज अब अपने गौरवपूर्ण सफर के एक नए और ऐतिहासिक पड़ाव पर पहुंच चुका है। अगस्त 2014 में शुरू हुआ यह सफर अब जैफ इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रूप में स्थापित हो गया है। युगांडा सरकार द्वारा हाल ही में इसे आधिकारिक रूप से विश्वविद्यालय का लाइसेंस प्रदान किया गया है, जो संस्थान की शैक्षिणक गुणवत्ता, सामाजिक प्रतिबद्धता और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। संस्थान के चांसलर डॉ. विकास जैफ ने बताया कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड अलाइड साइंसेज की नींव वर्ष 2016 में रखी गई थी। इसी वर्ष डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी कोर्स के साथ संस्थान ने व्यावसायिक शिक्षा की दिशा में अपने पहले कदम बढ़ाए। वर्ष 2017 में संस्थान ने नर्सिंग और मिडवाइफरी में डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान मिला। वर्ष 2018 में फार्मेसी और क्लिनिकल मेडिसिन में डिप्लोमा कोर्स शुरू किए गए, जिससे संस्थान की शैक्षिणक और व्यावसायिक विविधता में वृद्धि हुई।

युगांडा जैसे विकासशील देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की अत्यधिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड अलाइड साइंसेज ने न केवल पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता पर ध्यान दिया, बल्कि छात्रों के समग्र विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व पर भी बल दिया। यही कारण रहा कि वर्ष 2023 तक संस्थान में छात्र नामांकन की संख्या 1300 तक पहुँच गई, जो इसकी लोकप्रियता और प्रभावशीलता का प्रमाण है। संस्थान की उपलब्धियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान तब मिली जब वर्ष 2024 में युगांडा की प्रथम महिला और देश की शिक्षा व खेल मंत्री जनेट मुसेवेनी ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड अलाइड साइंसेज को बेस्ट टेरशरी इंस्टीट्यूट के रूप में सम्मानित किया। यह सम्मान संस्थान के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था, जिसने इसके प्रयासों को नई प्रेरणा दी। इसके बाद वर्ष 2025 में युगांडा नर्सिंग एंड मिडवाइफरी काउंसिल तथा युगांडा काउंसिल ऑफ़ आलाइड हेल्थ साइंसेस द्वारा भी संस्थान को पुनः सम्मानित किया गया, जिससे इसकी प्रतिष्ठा और भी बढ़ी।

इन 11 वर्षों में संस्थान ने जो उपलब्धियाँ अर्जित की हैं, वे केवल एक शैक्षिणक संस्था की नहीं बल्कि संकल्प, सेवा और समर्पण की जीवंत मिसाल हैं। चांसलर डॉ. जैफ ने इस अवसर पर कहा कि जैफ इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी का दर्जा मिलने की सफलता का सफर ईश्वरीय आशीर्वाद के साथ हमारी टीम, विद्यार्थियों, फैकल्टी, अभिभावकों और शुभचिंतको की भी है। यह यात्रा परमपिता परमेश्वर के मार्गदर्शन और दिव्य आशीर्वाद के बिना संभव नहीं थी। अब हम विश्वविद्यालय के रूप में और भी अधिक उत्तरदायित्व और उत्साह के साथ काम करेंगे। जैफ इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी का यह नया रूप वैश्विक स्वास्थ्य शिक्षा जगत में एक प्रेरणास्पद मॉडल के रूप में उभरता जा रहा है, जिसकी जड़ें भारतीय मूल्यों और वैश्विक दृष्टिकोण से पोषित हैं।

# निष्क्रिय सरस बूथ होंगे रद्द

**जयपुर**।जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड (जयपुर डेयरी) ने शहरभर में वर्षों से निष्क्रिय पड़े सरस बूथों को समाप्त करने और उन्हें योग्य एवं इच्छुक नव-आवेदकों को पुनः आवंटित करने के उद्देश्य से एक ठोस शुरुवात की है। जयपुर डेयरी के प्रबंध संचालक मनीष फौजदार जानकारी देते हुए बताया कि अनेक व्यक्तियों द्वारा बिना सक्रिय संचालन की मंशा के बूथों का आवंटन करवाया गया, जो लंबे समय से बंद पड़े हैं। ऐसे निष्क्रिय बूथ न केवल सरस उत्पादों की नियमित बिक्री को प्रभावित करते हैं, बल्कि सड़क पर अनावश्यक अतिक्रमण कर यातायात में भी बाधा उत्पन्न करते हैं। इस कारण जयपुर डेयरी ने अब इस विषय को गंभीरता से लेते हुए इसे ''कठोर कार्रवाई'' के रूप में लिया है ताकि शहर की सुंदरता एवं व्यवस्था दोनों को संरक्षित किया जा सके।

प्रथम चरण में ऐसे 54 निष्क्रिय बूथों की पहचान कर ली गई है और इनके आवंटन को निरस्त करने के लिए नगर निगम को पत्र भेजा गया है। आगे की प्रक्रिया में नगर परिषद के सहयोग से इन सभी निष्क्रिय और उपयोगहीन बूथों को शहर से हटाया जाएगा। यह न केवल यातायात को सुगम बनाएगा, बल्कि उन बेरोजगार युवाओं के लिए भी अवसर खोलेगा।

# डूंगरी भाखरी स्कूल के जर्जर कमरों में जान जोखिम में डालकर पढ़ रहे हैं 250 बच्चे

## डूंगरी भाखरी स्थित रा. उ. प्रा. विद्यालय की दीवारें, छत और नींव कभी भी जमींदोज हो सकती हैं

**रानीवाड़ा,** (निसं)। शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन की घोर लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण जालोर जिले के डूंगरी भाखरी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में देखने को मिल रहा है। यहां दो जर्जर कक्षा-कक्ष कभी भी बड़े हादसे का सबब बन सकते हैं, जिनमें करीब 250 मासूम बच्चों का भविष्य और जीवन दांव पर लगा है।

प्रधानाध्यापक देवाराम चौधरी ने बताया कि कई बार उच्चाधिकारियों को सूचित करने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिससे बच्चों के अभिभावकों में गहरा रोष व्याप्त है। मामले का खुलासा करते हुए प्रधानाध्यापक देवाराम चौधरी ने बताया कि विद्यालय के पत्रांक 242 दिनांक 05.12.2023 के प्रस्ताव के अनुसार, क्षतिग्रस्त दो कक्षा-कक्षों की मेजर रिपेयरिंग के लिए 6 लाख रुपये की स्वीकृति सत्र 2024-25 में जारी की गई थी। इसके अनुपालन में ठेकेदार द्वारा ग्रीष्मावकाश के दौरान कार्य भी करवाया गया, लेकिन हैरत की बात यह है कि जिन कमरों को सख्त मरम्मत की आवश्यकता थी, उनकी मरम्मत की ही नहीं गई। जब ठेकेदार से इस बारे में जानकारी ली गई, तो उसने अपनी ओर से कार्य पूर्ण होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया।



जालोर जिले के डूंगरी भाखरी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के कमरों की छतें और दीवारें जर्जर हो चुकी है, जिससे बच्चों के साथ हादसे का अंदेशा बना हुआ है।

- छह लाख रुपये की स्वीकृति के बाद भी बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़, ठेकेदार पर सवालिया निशान
- कई बार उच्च अधिकारियों को सूचित करने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिससे बच्चों के अभिभावकों में रोष है

चौधरी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिन दो कक्षा-कक्षों की मेजर रिपेयरिंग की सख्त आवश्यकता है, उनका काम न होना किसी भी समय बड़ी दुर्घटना को न्यौता देने जैसा है। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि किसी भी समय कमरों की दीवारें, छत तथा नींव जमींदोज हो सकते हैं। यह स्थिति न केवल बच्चों के लिए जानलेवा है, बल्कि शिक्षकों और स्टाफ के लिए भी खतरा बनी हुई है।

विद्यालय प्रशासन ने इस गंभीर विषय पर कई बार उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर सूचित किया है। जिला कलेक्टर जालोर, जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा जालोर, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, रानीवाड़ा और पीईईओ डूंगरी, रानीवाड़ा को भी इसकी प्रतियां भेजी गई हैं। प्रधानाध्यापक देवाराम चौधरी ने राउ प्रा वि डूंगरी भाखरी के डाइस कोड का भी हवाला दिया, लेकिन बावजूद इसके, आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार को भेजे गए पत्र में स्पष्ट निवेदन किया गया है कि 'बच्चों की सुरक्षा विभाग एवं राज्य सरकार पर निर्भर है।' यह पत्र स्पष्ट रूप से बताता है कि स्थानीय स्तर से लेकर राज्य स्तर तक इस मामले की जानकारी है, फिर भी बच्चों की जान जोखिम में डालकर शिक्षा दी जा रही है।

# पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने झालावाड़ हादसे पर दुख जताया

## झालावाड़ के मनोहरथाना ब्लॉक के पिपलोदी सरकारी स्कूल की बिल्डिंग का हिस्सा गिरने से सात बच्चों की मौत, 28 बच्चे घायल



पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे अस्पताल पहुंची और घायल बच्चों की कुशलक्षेम पूछी।

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि बहुत ही दर्दनाक घटना है। हमारे परिवार के सात स्कूली बच्चों को भगवान ने हमसे छीन लिया। इस हादसे में 28 बच्चे घायल हो गए। ज्योंहीं मुझे इस घटना की जानकारी मिली, मुझे बहुत आघात लगा।

- हमारे परिवार के सात स्कूली बच्चों को भगवान ने हमसे छीन लिया, इस हादसे में 28 बच्चे घायल हो गए ज्योंहीं मुझे इस घटना की जानकारी मिली, मुझे बहुत आघात लगा : पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे
- 'यदि शिक्षा विभाग के अधिकारी प्रदेश के ऐसे स्कूलों को पहले ही चिन्हित कर लेते और बच्चों को अन्यत्र किसी सुरक्षित भवन में शिफ्ट कर देते तो हमारे ये बच्चे काल का ग्रास नहीं बनते'

राजे ने कहा कि मैं तथा झालावाड़-बारां के सांसद दुष्यंत सिंह तत्काल दिल्ली से यहाँ के लिए रवाना हो गए। शिक्षा विभाग प्रदेश के सभी स्कूलों का सर्वे करवाए, जहां भी स्कूल जर्जर अवस्था में हैं, ऐसे स्कूलों से बच्चों को अन्यत्र सुरक्षित भवन में शिफ्ट करें। ऐसे स्कूलों को गिराकर नये भवन बनवायें, ताकि बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ न हो सके। यदि शिक्षा विभाग के अधिकारी प्रदेश के ऐसे स्कूलों को पहले ही चिन्हित कर लेता और बच्चों को अन्यत्र किसी सुरक्षित भवन में शिफ्ट कर देता तो हमारे ये बच्चे काल का ग्रास नहीं बनते। ऐसी घटनाओं से बच्चों और अभिभावकों में भय का वातावरण बनता है। मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखें और इस हृदय विदारक घटना को लेकर कोई राजनीति न करें। आहत परिवारों की मदद करें, राजनीति नहीं। जो भी मांगे हैं उनको सक्षम स्तर पर पहुंचाकर यथा संभव जो भी हो सकता है, निस्तारण करवाने का प्रयास करेंगे। राजे ने का कि मैं ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा को शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना करती हूं।

गौरतलब है कि झालावाड़ के मनोहरथाना ब्लॉक के पिपलोदी सरकारी स्कूल की बिल्डिंग का हिस्सा गिरने से सात बच्चों की मौत हो गई। वहीं 28 घायलों में से 9 की हालत गंभीर है। क्लास में शुक्रवार सुबह बच्चे बैठे थे, इमारत ढह गई और 35 बच्चे दब गए थे। ग्रामीणों ने तत्काल मलबा हटाकर बच्चों को निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।

# बदमाशों ने युवक पर फायरिंग की, युवक घायल

**कोटा,** (निसं)। दादाबाड़ी थाना इलाके में गुरूवार देर रात्रि को मोटरसाइकिल पर आये बदमाशों ने घर के बाहर खड़े युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। हमले में युवक के दो गोलियां लगी, युवक को घायलावस्था में उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- फायरिंग के पीछे दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश का मामला सामने आ रहा है
- हमलावरों की धरपकड़ के लिये पुलिस टीमें लगी

घटना दादाबाड़ी इलाके के वक्फ नगर की बताई गई। फायरिंग की सूचना पाते ही दादाबाड़ी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की गंभीरता को देखते हुए सामने आये सीसीटीवी फुटैज के आधार पर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। फायरिंग के पीछे दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश का मामला सामने आ रहा है। फायरिंग में घायल इरशाद को परिजनो ने उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया हैं। दादाबाड़ी थानाधिकारी मांगेलाल यादव ने बताया कि गुरूवार रात्रि को इरशाद कही से घर पर पहुंचा ही था कि बाइक पर आये बदमाशों ने उस पर फायरिंग कर दी। थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर अल्फेज व उसके कुछ साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, मामले में सामने आया कि फरियादी इरशाद ने पूर्व में अल्फेज के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया था। इसी पुरानी रंजिश को लेकर अल्फेज ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर इरशाद पर फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया है। थानाधिकारी ने बताया कि हमलावरों की धरपकड़ के लिये पुलिस टीमें लगी हुई है, जगह-जगह पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये दबिश दे रही है। जल्द ही हमलावरों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# लिवइन रिलेशन में रहने वाले युगल का होटल से अपहरण

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में मंडोर स्थित मगराज का टाका क्षेत्र में रहने वाले एक युवक व युवती का पाली जिले के मारवाड़ जंक्शन स्थित होटल से अपहरण कर लिया गया। उसके बाद युवक से बुरी तरह मारपीट करने के साथ पेड़ से बांध कर पिटाई की गई। आरोपियों ने युगल को दो कारों में डाला और रास्ते भर युवक को पीटा गया। बाद में शहर के पावटा क्षेत्र में ठेलों की पीछे लाकर पटक दिया। होश आने पर उसे मथुरादास माथुर अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित ने पर्चा बयान देकर बनाड़ थाने में रिपोर्ट दी है। जांच मारवाड़ जंक्शन पुलिस की तरफ से की जा रही है। मारपीट में उसके पैर भी फ्रैक्चर हो गए।

- युवक को पेड़ से बांधकर पीटा, बेहोशी की हालत में पावटा ठेलों के पीछे फेंका
- मारपीट में युवक के पैर भी फ्रैक्चर हो गए, अस्पताल में भर्ती कराया

बनाड़ पुलिस ने बताया कि मगराज का टांका मंडोर निवासी एक युवक ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह एक युवती को 17 जुलाई को अपने साथ लेकर गया था, जिस पर युवती की मां की तरफ से बनाड़ थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई। इनके द्वारा एक इकरारनामा बाबत लिव इन रिलेशनशिप निष्पादित करवाकर नोटेरी पब्लिक करवाया था। बाद में बनाड़ थाने में युगल ने अपने बयान दर्ज करवा दिए थे। युवती ने अपनी मर्जी से जाना बताया था। इसके बाद दोनों लूणी चले गए। कुछ दिन लूणी में रूकने के बाद यह लोग मारवाड़ जंक्शन स्थित होटल में रहने लगे। 21 जुलाई की रात तीन बजे युवती का मामा पप्पू, करीम, साहिल, जाकिर, आकाश, अशोक, यशपाल आदि दो कारें लेकर वहां पहुंचे। होटल से इन दोनों का अपहरण कर लिया। पर्चा बयान में बताया कि आरोपियों ने बीच रास्ते उसके पास रखे साढ़े चार हजार रूपए, मोबाइल छीन लिया और मारपीट करते रहे। बाद में युवती को दूसरी कार में डाल दिया गया। बाद में सुबह दस बजे आरोपी पप्पू के घर झोपड़ी रोड़ लेकर आए और एक कमरें में बंद कर दिया, जहां पर दिलीप, राजू, पप्पू, ओमा, अनिल आदि शख्स ने उसके साथ मारपीट की। फिर कोकुण्डा लेकर पहुंचे, जहां एक खेजड़ी पेड़ से बांधकर उसे पीटा गया। फिर वहां से रात को पावटा सब्जी मंडी में ठेलों के पीछे अधमरा कर भाग गए। वह बेहोश था। होश आने पर राह चलते लोगों से फोन लेकर अपनी मां को फोन किया। तब मां वहां पहुंची और उसे एमडीएम अस्पताल में भर्ती करवाया। बनाड़ पुलिस ने पीड़ित युवक के पर्चा बयान पर रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच मारवाड़ जंक्शन पुलिस की तरफ से की जा रही है।

# करंट से कांवड़ियों की मौत का मामला, मुआवजे को लेकर भूख हड़ताल जारी

**अलवर,** (निसं)। अलवर के लक्ष्मणगढ़ उपखंड क्षेत्र के बिचगांवा गांव में दो कांवड़ियों की करंट लगने से हुई दर्दनाक मौत के मामले ने परिजन अभी भी भूख हड़ताल पर बैठे हैं। हादसे के बाद प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की गई थी, लेकिन मृतकों के परिवारजन और ग्रामीण इससे असंतुष्ट हैं। इसी के चलते दूसरे दिन भी गांव के लोग बिचगांवा बस स्टैंड पर भूख हड़ताल पर बैठे रहे।

- मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपये मुआवजा, एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी और झुलसे अन्य लोगों को उचित आर्थिक सहायता की मांग

भूख हड़ताल पर बैठे लोगों की मांग है कि मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपये मुआवजा, एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी और करंट लगने से झुलसे अन्य लोगों को उचित आर्थिक सहायता दी जाए। परिजनों का कहना है कि सरकार द्वारा घोषित राशि नाकाफी है और हादसे की गंभीरता को देखते हुए न्यायोचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। भाजपा नेता श्याम सुंदर मीना भी पीड़ित परिवारों की मांगों का समर्थन करते हुए भूख हड़ताल में शामिल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि यह हादसा लापरवाही का परिणाम है और प्रशासन को जवाबदेह बनाते हुए पीड़ितों को पूरी सहायता दी जानी चाहिए। गौरतलब है कि यह हादसा उस समय हुआ था, जब कांवड़ यात्रा पर निकले युवकों की गाड़ी बिजली के हाईटेंशन लाइन को छू गई थी, जिससे करंट फैल गया और दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 32 अन्य लोग झुलस गए थे।

# दवा खरीद के लिए जारी 9.50 करोड़ का टेंडर निरस्त

**बीकानेर,** (निसं)। पीबीएम हॉस्पिटल में कैंसर सहित विभिन्न 19 प्रकार की दवाओं की खरीद के लिए 9.50 करोड़ रुपए के टेंडर में खामियां उजागर होने के बाद पीबीएम अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने टेंडर निरस्त कर दिए हैं।

- 19 प्रकार की दवाओं की खरीद के लिए टेंडर में खामियां उजागर हुई

पीबीएम हॉस्पिटल की राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी के तहत पिछले दिनों 19 तरह की दवाएं खरीदने के लिए 9.50 करोड़ के रेट कांट्रेक्ट करने के लिए टेंडर पिछले दिनों किए गए थे। टेंडर में कैंसर की दस महंगी दवाएं भी शामिल थी, जिनमें से पांच नई दवाएं थी, जो कभी यूज ही नहीं ली गई। टेंडर कमेटी ने कैंसर विशेषज्ञों की राय लिए बिना ही इन दवाओं को टेंडर में शामिल कर लिया। पीबीएम हॉस्पिटल में दवाएं खरीदने के लिए 9.50 करोड़ के टेंडर की जांच में बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। टेंडर कमेटी में शामिल सदस्यों ने कैंसर विभाग से राय लिए बिना ही कैंसर की दवाओं को शामिल कर लिया, जबकि उन्हें उन दवाओं की उपयोगिता को लेकर कोई अनुभव नहीं था। जानकार सूत्रों का कहना है कि टेंडर में कैंसर की ऐसी दवाओं को शामिल कर लिया गया, जो हाल ही में रिसर्च के बाद बाजार में आई हैं। राजस्थान के अस्पतालों में कैंसर के मरीजों को वह दवाएं अभी नहीं दी जा रही हैं। हैरानी की बात ये है कि उन दवाओं को लेकर किसी तरह की डिमांड ही नहीं थी।

कैंसर विशेषज्ञों से भी उन दवाओं के संबंध में पूछने की जरूरत नहीं समझी गई। इतना ही नहीं ड्रग वेयर हाउस से केवल एक ही मेडिसिन की एनएसी जारी हुई थी। वह भी एक महीने पहले। इसके अलावा शेष 18 तरह की दवाओं की एनएसी लिए बिना ही टेंडर कर दिए गए, जबकि पांच तरह की दवा सरकार से निशुल्क सप्लाई होती है। दरअसल दवाओं की सप्लाई के लिए 50 करोड़ की आरसी के चलते नया टेंडर करने से कमेटी की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं। कमेटी में अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार के अलावा सीनियर लेखाधिकारी अभिषेक गोयल, डॉ. मनोज माली और डॉ. सुभाष गौड़ शामिल हैं। बिड डॉक्यूमेंट पर इन सभी के साइन हैं। अब कहा जा रहा है कि डॉक्टरों ने बिड डॉक्यूमेंट ठीक से पढ़ा ही नहीं था, कार्मिकों के भरोसे साइन कर दिए।

# नया शिक्षा सत्र शुरू, सरकारी स्कूलों में पाठ्य पुस्तकों का वितरण नहीं

**बीकानेर,** (निसं)। राज्य के स्कूलों में नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने, दाखिला लेने वाले पहली से छठी क्लास के विद्यार्थी पिछले 24 दिन से बिना किताबों के ही पढ़ाई कर रहे हैं। सरकारी स्कूलों में अभी तक पहली से छठीं कक्षा की पाठ्य पुस्तकों का वितरण नहीं हुआ है। इस कारण शिक्षक विद्यार्थियों को ऑनलाइन कंटेंट के द्वारा ही पढ़ा रहे हैं। उधर, अगले महीने 18 अगस्त से फर्स्ट टेस्ट शुरू हो जाएंगे।

- पहली से छठी क्लास के विद्यार्थी पिछले 24 दिन से बिना किताबों के ही पढ़ाई कर रहे हैं

जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने इस साल पहले चरण में पहली से पांचवीं कक्षा के सिलेबस में नई शिक्षा नीति के तहत बदलाव किया है। छठी कक्षा की भी कुछ किताबें भी बदली गई है। ऐसे में विद्यार्थियों को पुरानी किताबों से भी नहीं पढ़ाया जा रहा है। हालांकि पाठ्य पुस्तक मंडल की ओर से निशुल्क किताबों का वितरण शुरू कर दिया गया है, लेकिन जिले के अधिकांश स्कूलों में फिलहाल सातवीं से 12वीं की पुस्तक ही पहुंची हैं। पहली से छठीं कक्षा की पुस्तक नहीं पहुंचने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। हालांकि शिक्षा निदेशक ने प्रवेशोत्सव के साथ ही छात्र-छात्राओं को पुस्तकों का वितरण शुरू करने के निर्देश दिए थे, लेकिन प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को फिलहाल किताबों का इंतजार है।

# पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन

**ब्यावर,** (निसं)। शहर के वार्ड नंबर दो स्थित मोहन नगर, दया नगर की महिलाओं ने कनिष्ठ अभियंता जलदाय विभाग कार्यालय पर प्रदर्शन कर गहरा रोष व्यक्त किया। महिलाओं ने बताया कि बीसलपुर बांध में पर्याप्त पानी होने तथा गत वर्ष और इस वर्ष अच्छी वर्षा होने के बावजूद मोहन नगर, दया नगर के वासींदों को पानी की सप्लाई पूरी नहीं दी जा रही है, जिससे आए दिन लोगों को टैंकर से पानी मंगवाकर पानी पीने को मजबूर और होना पड़ रहा है।

महिलाओं ने बताया कि टैंकर का पानी भारी तथा फ्लोराइड युक्त आता है जिससे स्वास्थ्य एवं आर्थिक हानि दोनों वहन करनी पड़ रही है। जलदाय विभाग में कई बार शिकायत करने पर जांच के नाम पर जिस दिन कर्मचारी जांच करने आते हैं वाल पूरा खोल दिया जाता है और फिर लगातार वाल कम खोलने की वजह से वही स्थिति बनी रहती है, जिससे क्षेत्र वासियों में भारी रोष व्याप्त है। शुक्रवार को क्षेत्र की महिलाओं का आक्रोश फूट पड़ा और कार्यालय में कर्मचारियों को खरी-खोटी सुनाई। उल्लेखनीय है कि मोहन नगर के निवासी पिछले दो वर्ष से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं और अधिकारियों को बार-बार शिकायत करने के बाद भी कोई समाधान नहीं किया जा रहा है।

# खेजड़ी की रक्षा कर रहे लोगों पर फायरिंग का विरोध

**बीकानेर,** (निसं)। भानीपुरा में खेजड़ी की रक्षा कर रहे लोगों पर देर रात फायरिंग के विरोध में ग्रामीणों ने पूगल थाने पर प्रदर्शन कर एसएचओ को परिवाद दिया है, लेकिन देर रात तक इस संबंध में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हो पाया। उधर पटवारी ने पेड़ों की कटाई को लेकर फर्द रिपोर्ट तहसीलदार को सौंप दी है।

जानकारी के अनुसार भानीपुरा के ग्रामीण शाम को पूगल थाने पहुंचे। गेट पर प्रदर्शन कर फायरिंग करने वाले बदमाशों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने तथा खेजड़ी की कटाई बंद करने की मांग की। एसएचओ पवन सिंह को परिवाद देकर ग्रामीणों ने जान माल की रक्षा करने की गुहार लगाई है। परिवाद के अनुसार 22 जुलाई की रात एक और दो बजे के बीच अल्फ सोलर प्लांट में अवैध रूप से खेजड़ी कटाई की सूचना मिली थी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो वन माफिया ने उनके पीछे गाड़ियां दौड़ाई। जान से मारने की नीयत से ग्रामीणों की दो गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा पिस्तौल से फायर किए। परिवाद में कहा है कि कंपनी ने अवैध रूप से खेजड़ी की कटाई करने के लिए आपराधिक प्रवृति के लोगों को बुला रखा है, जिससे गांव में दहशत का माहौल है। बदमाश लोग नशे की हालत में खेजड़ी काटने आते हैं। खेतों में जो भी दिखाई देता है उसे गाड़ी से कुचलने की कोशिश करते हैं। परिवाद देने वालों में सरपंच प्रतिनिधि ईसरराम, दुर्गसिंह, मदन सिंह, श्रवण सिंह, मनोहर सिंह, विशाल सिंह, मूल सिंह, भंवर सिंह, छैलूसिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। इस घटना को लेकर देर रात तक पूगल थाने में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हो पाया था।

भानीपुरा पटवारी मूलदान चारण ने मौके की फर्द रिपोर्ट तैयार कर राजस्व तहसीलदार को सौंपी है। इस रिपोर्ट में लिखा है कि अल्फ सोलर अमरसर प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट में अवैध रूप से खेजड़ी के 191 पेड़ काटे गए हैं। यह जमीन अलग-अलग खातेदार जगुकंवर, किशन संह, मोहन सिंह, शिशुपाल सिंह, मूलसिंह, कालूसिंह, नरपतसिंह, मोहन सिंह, रामप्रताप नायक, जगमाल सिंह, पूनम सिंह, महेंद्र सिंह, राजूसिंह, शिवसिंह, कुशालसिंह, शिशपालसिंह, जयपालसिंह, गजूसिंह, रूप कंवर, संतोष कंवर से सोलर कंपनी ने लीज पर ली हुई है। पटवारी ने बताया कि कंपनी के प्रतिनिधि को खेजड़ी नहीं काटने के लिए दूरभाष पर पाबंद किया है।

# अवैध बजरी खनन में लिप्त वाहन जब्त

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र की कोठारी नदी में अवैध बजरी खनन पर जिला स्पेशल टीम की बड़ी कार्रवाई की। आधा दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉली व दो जेसीबी जब्त की। इससे खनन माफिया में हड़कंप मच गया।। जिले में अवैध बजरी खनन पर शिकंजा कसते हुए जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर जिला स्पेशल टीम ने मांडल थाना क्षेत्र के अंतर्गत बहने वाली कोठारी नदी में शुक्रवार सुबह बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान अवैध बजरी खनन में लिप्त आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉली और दो जेसीबी मशीनों को मौके से जब्त किया गया, जबकि कई खनन माफिया और उनके वाहन मौका पाकर फरार हो गए।

# पुलिस ने फायरिंग कर तस्कर की कार को रोका, 141 किलो डोडा-चूरा बरामद

**कोटा,** (निसं)। प्रदेश में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर रोक लगाने एवं तस्करों की धरपकड़ के लिये केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ 141 किलो डोडा-चूरा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। टीम को देखकर कार में सवार आरोपी ने सरकारी वाहन को टक्कर मारने का प्रयास किया, टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दो राउंड फायरिंग कर कार का टायर क्षतिग्रस्त कर दिया। टीम ने आरोपी का पीछा कर आरोपी को अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा सहित गिरफ्तार कर लिया।

यह कार्रवाई केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के मार्गदर्शन में की गई। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपनी उदयपुर नंबर की क्रेटा कार से प्रतापगढ़ क्षेत्र से मारवाड़ क्षेत्र की ओर भारी मात्रा में अवैध डोडा-चूरा लेकर जा रहा है। सूचना पर केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन), चित्तौड़गढ़ सेल और चित्तौड़गढ़ डिवीजन प्रथम के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम गठित की गई और टीम को रवाना किया गया। गठित टीम ने संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी और वाहन की पहचान करने के बाद, संदिग्ध कार को रुकने का इशारा किया गया।




सीबीएन टीम ने कार से अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा जब्त किया।

- टीम ने आरोपी का पीछा कर आरोपी को डोडा-चूरा सहित गिरफ्तार कर लिया
- टीम को देखकर कार में सवार आरोपी ने सरकारी वाहन को टक्कर मारने का प्रयास किया था

उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि कार चालक ने रुकने के बजाय सरकारी वाहन को टक्कर मारने का प्रयास करते हुए वाहन की गति तेज कर दी। टीम ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए निवारक दल द्वारा टार राईफल से दो राउंड फायर किए गए, जिससे कार का एक टायर क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद सीबीएन अधिकारियों ने कार का लगभग एक किलोमीटर तक पीछा किया और मंडलाचारण-बाड़ी रोड़, माइंस रोड चौराहा के पास, निम्बाहेड़ा, चित्तौड़गढ़ पर उसे रोक लिया। चालक ने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन निवारक दल ने उसे पास के खेत में पकड़ लिया और उसके वाहन की तलाशी ली। टीम ने तलाशी के दौरान कार से 141.290 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया और एनडीपीएस एक्ट में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



पंत का फ्रैक्चर के साथ बल्लेबाजी के लिए उतरना 2002 में अनिल कुंबले का टूटे जबड़े के साथ गेंदबाजी करते हुए ब्रायन लारा को आउट करने की तरह याद रखा जाएगा।

– संजय मांजरेकर

पूर्व भारतीय खिलाड़ी, पंत की साहस की तारीफ करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## वेदा कृष्णमूर्ति



**भारतीय** महिला क्रिकेटर वेदा कृष्णमूर्ति ने शुक्रवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। वेदा ने आज सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा, एक छोटे शहर की लड़की जिसके बड़े सपने थे। कदुर में यह सब ऐसे ही शुरू हुआ। मैंने बल्ला उठाया, यह नहीं जानते हुए कि यह मुझे कहां ले जाएगा। लेकिन मुझे पता था कि मुझे इस खेल से प्यार है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह मुझे संकरी गलियों से लेकर सबसे बड़े स्टेडियमों तक, खामोश उम्मीदों से लेकर गर्व से भारतीय जर्सी पहनने तक, इतना आगे ले जाएगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** जो रूट ने 121 रन की अपनी नाबाद शतकीय पारी के दौरान पोंटिंग को पीछे छोड़ा और दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

## कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख के बीच भिड़ंत, पहली बार इंडिया वर्सेस इंडिया



नई दिल्ली, 25 जुलाई। इंटरनेशनल चेस फेडरेशन महिला शतरंज वर्ल्डकप का फाइनल इस बार बेहद दिलचस्प होने वाला है। पहली बार ये मुकाबला इंडिया वर्सेस इंडिया है। दरअसल, जॉर्जिया के बाटुमी में खेले जा रहे महिला शतरंज वर्ल्डकप के फाइनल में भारत की दो खिलाड़ी ग्रैंड मास्टर कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख ने जगह बना ली है। शतरंज के इतिहास में ऐसा पहली बार होगा जब शतरंज के फाइनल में दो भारतीय खिलाड़ी आपस में मुकाबला करेंगे। भारतीय ग्रैंड मास्टर कोनेरू हम्पी ने गुरुवार को चीन कीटिंग जीलेई को टाईब्रेकर में हराकर फाइनल में जगह बनाई है। वहीं भारत की ही दिव्या देशमुख एक दिन पहले ही इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच चुकी हैं। अब ये दोनों खिलाड़ी 26 और 27 जुलाई को खिताब के लिए आमने-सामने होंगी।

## जयपुर जिला क्रिकेट संघ अंडर - 19 चैलेंजर ट्रॉफी के लिए चयन ट्रायल 26 व 27 को

जयपुर, 25 जुलाई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा जयपुर की अंडर -19 चैलेंजर ट्रॉफी आयोजित करने के लिए चयन ट्रायल दिनांक 26 व 27 जुलाई को प्रातः 9 बजे आयोजित की जाएगी। जिन खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन 24 व 25 जुलाई को करा दिया है उनकी ट्रायल जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी, जयपुरिया हॉस्पिटल की पीछे प्रातः 9 बजे आयोजित की जाएगी। खिलाड़ियों को सफेद पोशाक में आना होगा।

## भारत की डेविस कप टीम घोषित

नई दिल्ली, 25 जुलाई। ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन की प्रोफेशनल चयन समिति की एक बैठक स्विट्जरलैंड के खिलाफ 12 और 13 सितंबर 2025 को बील, स्विट्जरलैंड में होने वाले विश्व ग्रुप 1 मुकाबले में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए डेविस कप टीम के चयन हेतु शुक्रवार को वर्चुअल रूप से आयोजित की गई। इस समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं: नंदन बल - अध्यक्ष, बलराम सिंह और साई जयलक्ष्मी। चयन बैठक में भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान रोहित राजपाल, कोच आशुतोष सिंह और एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर भी शामिल हुए। रैंकिंग, उपलब्धता और प्रदर्शन के आधार पर, निम्नलिखित खिलाड़ियों का चयन किया गया: सुमित नागल, करण सिंह, आर्यन शाह, युकी भांबरी, एन श्रीराम बालाजी, दक्षिणेश्वर सुरेश (रिजर्व), मुकुंद शशिकुमार (रिजर्व), ऋत्विक बोलिपल्ली (रिजर्व)। इस मुकाबले के लिए रोहित राजपाल टीम के कप्तान होंगे और आशुतोष सिंह टीम के कोच होंगे।

## चाइना ओपन में उन्नित क्वार्टर फाइनल में यामागुची से हारीं

चांगझोउ, 25 जुलाई। उन्नित हुड्डा का चाइना ओपन 2025 में शानदार प्रदर्शन आज समाप्त हो गया जब वह महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जापान की अकाने यामागुची से हार गईं। विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी ने भारतीय किशोरी को 21-16, 21-12 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अपने पहले ही बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 इवेंट में खेल रही 17 वर्षीय उन्नित ने अपने निडर प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरीं और बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 इवेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली केवल चौथी भारतीय महिला एकल शटलर बन गईं। उन्नित ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को हराकर चाइना ओपन 2025 के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी थी।

## डब्ल्यूडब्ल्यूई के दिग्गज पहलवान हल्क होगन का निधन

फ्लोरिडा, 25 जुलाई। हल्क होगन के नाम से मशहूर पेशेवर पहलवान टेरी बोलिया का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह 71 वर्ष के थे। वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट के अनुसार डब्ल्यूडब्ल्यूई के दिग्गज पेशेवर पहलवान टेरी बोलिया निधन गुरुवार को हुआ। डब्ल्यूडब्लयूई को यह जानकर दुख हुआ है कि डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेमर हल्क होगन का निधन हो गया है।

## इंग्लैंड को 186 रनों की बढ़त, भारतीय गेंदबाजों ने निराश किया

# रूट का रिकॉर्ड तोड़ शतक

मैनचेस्टर, 25 जुलाई। जो रूट (150) की रिकॉर्डतोड़ शानदार शतकीय पारी की मदद से इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को सात विकेट पर 544 रन बना लिये है और उसकी बढ़त 186 रनों की हो गई है। भारत ने पहली पारी में 358 रन बनाये थे।

रूट ने कप्तान बेन स्टोक्स (नाबाद 77) के साथ चौथे विकेट के लिए 142 रन की साझेदारी की और टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। रूट ने 248 गेंदों का सामना करते हुए अपनी बेहतरीन पारी में 14 चौके लगाए।

तीसरे दिन का सारा खेल मेजबान टीम के नाम रहा। यहां पर जो रूट का रिकॉर्ड 150 देखने को मिला। ऑली पोप का तेजतर्रार अर्धशतक देखने को मिला और अंत में कप्तान बेन स्टोक्स का स्मार्ट मूव, जहां पर वह रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे और सटीक समय पर क्रीज पर आए। स्टोक्स ने 134 गेंदों पर नाबाद 77 रन की पारी में छह चौके लगाए हैं। इंग्लैंड का स्कोर 544 पर सात विकेट है और उसके पास 186 रनों की बढ़त हो गई है। यानि बचे दो दिन अब भारत के नजरिए से बेहद ही महत्वपूर्ण हो चले हैं। स्टंप्स के समय स्टोक्स के साथ लियाम डासन 21 रन बनाकर क्रीज पर हैं।





इंग्लैंड ने पहले सत्र में 107 रन, दूसरे सत्र में 101 रन और आखिरी सत्र में 111 रन जोड़े। भारत की तरफ से रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने दो-दो विकेट लिए जबकि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और अंशुल कम्बोज को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले भोजनकाल के बाद इंग्लैंड ने दो विकेट पर 332 रनों से आगे खेलना शुरु किया। ऑली पोप ने अभी अपने स्कोर में एक रन का इजाफा किया था कि वॉशिंगटन सुंदर ने उन्हें के एल राहुल के हाथों कैच आउट कराकर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये हैरी ब्रूक (तीन) भी सुंदर का शिकार बने।

इंग्लैंड ने चायकाल तक चार विकेट पर 433 रन बना लिये है और जो रूट 201 गेंदों में 121 रन और कप्तान बेन स्टोक्स 68 गेंदों में 36 रन बनाकर खेल रहे हैं।

इंग्लैंड ने कल के दो विकेट पर 225 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में जो रूट और ऑली पॉप ने जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने अर्धशतक पूरे किये। इस दौरान जो रूट ने 13 हजार रन पूरे कर लिये है और सर्वाधिक टेस्ट रन बनाने में रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़कर दूसरे नंबर पर पहुंच गये है। इंग्लैंड ने लंच तक दो विकेट पर 332 रन बना लिये थे।

पहले सत्र में 28 ओवर में 107 रन बने और एक भी विकेट इस सत्र में नहीं आया। कमाल का खेले हैं ऑली पोप और जो रूट। दोनों ने अर्धशतक पूरे कर लिए हैं और साझेदारी भी 100 से अधिक रनों की हो गई। भारत की ओर से रन आउट के मौके गंवाए गए, एक कैच छूटा लेकिन भारत यहां पर कुछ अलग करता दिखा है। नीची रहती गेंदों की वजह से रूट आगे निकलकर खेल रहे थे, जिसके बाद कीपर को ऊपर लाया गया और दोनों बल्लेबाजों को उनका प्लान बदलने पर मजबूर कर दिया गया।

भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने दो विकेट लिये। अंशुल कम्बोज और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

जो रूट ने 150 रन की अपनी शतकीय पारी के दौरान पोंटिंग को पीछे छोड़ा और दूसरे स्थान पर पहुंच गए। रूट के 157वें टेस्ट में 13409 रन हो गए हैं और उन्होंने भारत के राहुल द्रविड़ (164 टेस्ट, 13288), कैलिस (166 टेस्ट, 13289) और पोंटिंग (168 टेस्ट, 13378) को पीछे छोड़ दिया है। रूट से आगे अब सिर्फ भारत के सचिन तेंदुलकर (200 टेस्ट, 15921) हैं।

दूसरा सत्र भी एक तरह से इंग्लैंड के ही नाम रहा है, जहां पर रूट ने शतक लगाकर कई रिकॉर्ड धराशायी कर दिए। यह उनका 38वां शतक था और अब वह श्रीलंका के कुमार संगकारा की बराबरी पर आ गए हैं। वह सचिन तेंदुलकर के बाद टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

## फिर फंसे आरसीबी के गेंदबाज यश दयाल

## जयपुर में दर्ज हुई एफआईआर



जयपुर, 25 जुलाई। आरसीबी के गेंदबाज यश दयाल की मुश्किल कम होने की बजाय बढती जा रही हैं। यश दयाल पर अब जयपुर पुलिस ने एक नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है। 27 वर्षीय खिलाड़ी पर गाजियाबाद की एक महिला ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। वहीं महिला का आरोप है कि यश दयाल ने पांच साल के रिश्ते के दौरान शादी का वादा करके उसका यौन शोषण किया। जयपुर के सांगानेर सदर थाने के एसएचओ अनिल जयमन ने बताया है कि ताजा एफआईआर बुधवार को दर्ज की गई। अनिल जयमन ने कहा कि, यश दयाल के खिलाफ पोक्सो अधिनियम और बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत यौन उत्पीड़न के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई। जयमन के अनुसार पीड़िता ने आरोप लगाया है कि खिलाड़ी ने उसके साथ पहली बार 2023 में यौन उत्पीड़न किया था जब वह 17 साल की थी और इसी साल अप्रैल में सीतापुरा इलाके के एक होटल में भी उत्पीड़न हुआ था। वहीं एसएचओ ने कहा कि, लड़की ने आरोप लगाया कि क्रिकेटर ने उसके करियर बनाने में मदद और सहयोग का वादा किया था। इस साल अप्रैल में जब वह आईपीएल के लिए जयपुर में था, तब उसने उससे संपर्क किया और उसे होटल में बुलाया, जहां उसने कथित तौर पर उसके साथ फिर से दुष्कर्म किया। फिलहाल, यश दयाल ने अब तक दोनों मामलों में से किसी पर भी कोई बयान जारी नहीं किया है।

## जयपुर के अधिक्षित बने राजस्थान टीम के उप कप्तान



जयपुर, 25 जुलाई। बालाघाट, मध्य प्रदेश में आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय जूनियर बॉयज फुटबॉल बी सी रॉय ट्रॉफी चैंपियनशिप 2025 के लिए राजस्थान की 18 सदस्य टीम आज जयपुर से पहुंची। जयपुर जिला फुटबॉल संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य अब्दुल जब्बार ने बताया कि राजस्थान की 18 सदस्य टीम में जयपुर जिले के 6 खिलाड़ियों अजीत यादव, अधिक्षित सकलानी, लक्ष्य चौधरी, अबीर सिंह, विहान विराज शेखावत और अतिवीर ढोखा का चयन हुआ है।

लक्ष्य चौधरी और अतिवीर ढोखा पिछली बार भी राजस्थान टीम का हिस्सा रह चुके हैं। अधिक्षित सकलानी को राजस्थान टीम का उपकप्तान भी बनाया गया है। जयपुर जिले के कोच और पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी हितेश शर्मा को राजस्थान टीम का मैनेजर बनाया गया है। हितेश शर्मा की देखरेख में ही राजस्थान टीम का 15 दिवसीय कैंप जयपुर के गाढोंता में स्थित फुटबॉल ग्राउंड पर संपन्न हुआ। राजस्थान टीम ग्रुप बी में असम, हरियाणा और जम्मू कश्मीर के साथ है। टीम अपना पहला मैच असम के विरुद्ध 27 जुलाई को खेलेगी। टीम दूसरा मैच हरियाणा के विरुद्ध 29 जुलाई और अपने ग्रुप का आखिरी मैच जम्मू कश्मीर के खिलाफ 31 जुलाई को खेलेगी। इन चार टीमों में से जो टीम ग्रुप टॉप करेगी वह आगे सेमीफाइनल के लिए जाएगी।

जयपुर जिला फुटबॉल संचालन समिति के सदस्य अब्दुल जब्बार, मनोज शर्मा, हितेश शर्मा, डॉक्टर दिलीप सिंह चुंडावत और सेबी फिलिप्स ने राजस्थान टीम को अच्छे प्रदर्शन के लिए

## यूपी वॉरियर्स ने अभिषेक नायर को बनाया टीम का मुख्य कोच



लखनऊ, 25 जुलाई। यूपी वॉरियर्स (यूपीडब्ल्यू) ने पूर्व भारतीय ऑलराउंडर अभिषेक नायर को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के अगले संस्करण के लिए टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।

नायर का कोचिंग का अनुभव काफी अच्छा है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में मुंबई के दिग्गज खिलाड़ी नायर ने 2019 में संन्यास लेने से पहले भारत के लिए तीन एकदिवसीय मैच भी खेले थे। उसके बाद उन्होंने कोचिंग की दुनिया में कदम रखा। वह 2018 में कोलकाता नाइट राइडर्स अकादमी के मुख्य कोच थे और फिर केकेआर के सहयोगी स्टाफ में सहायक कोच के रूप में शामिल हुए। नायर ने सीपीएल 2022 में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) के मुख्य कोच के रूप में भी काम किया। केकेआर में अपने कार्यकाल के दौरान नायर ने अपने मेंटर गौतम गंभीर के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए और उनकी साझेदारी ने फ्रेंचाइजी को 2024 में अपना तीसरा आईपीएल खिताब जीतने में मदद की। उसी वर्ष जब गंभीर को भारतीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया, तो नायर सहायक कोच के रूप में टीम में शामिल हुए, लेकिन एक साल से भी कम समय में उनका अनुबंध समाप्त हो गया। इसके बाद वह 2018 से 2024 तक केकेआर के बैकरूम स्टाफ का हिस्सा रहने के बाद आईपीएल 2025 के लिए केकेआर के सहायक कोच के रूप में लौटे।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम चार मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी

नयी दिल्ली, 25 जुलाई। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 15 अगस्त से शुरु होने वाली चार मैचों की मैत्री श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी।

पर्थ हॉकी स्टेडियम में होने वाली इस श्रृंखला में भारत का सामना विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया से होगा। यह सीरीज भारत के लिए एशिया कप और विश्व कप क्वालिफिकेशन से पहले एक अहम अभ्यास अवसर है। श्रृंखला के मैच 15, 16, 19 और 21 अगस्त को खेले जाएंगे ।

2013 से अब तक दोनों टीमों के बीच खेले गए 51 मैचों में से ऑस्ट्रेलिया ने 35 में जीत हासिल की है। भारत ने नौ बार जीता। जबकि सात मैच ड्रॉ रहे हैं। हाल ही में एफआईएच प्रो लीग में दोनों टीमों के बीच हुए मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दो बार 3-2 से हराया। हालांकि, भारत ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराकर जोरदार वापसी की थी।

ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फल्टन ने कहा, यह दौरा बिहार में होने वाले हीरो एशिया कप से ठीक पहले हो रहा है। यह हमें ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खुद को परखने और स्वयं को निखाने का अवसर है।

उन्होंने कहा, हमने अभी-अभी 10 दिनों का प्रशिक्षण पूरा किया है और शिविर में माहौल उत्साहपूर्ण है क्योंकि हमारा ध्यान आगे की तैयारियों पर पूरी तरह केंद्रित हैं। इस दौरे पर हमारा एक प्रमुख लक्ष्य पहले दो मैचों का उपयोग चयन के लिए करना है, जबकि शेष मैच एशिया कप के लिए चुनी गई टीम के साथ खेले जाएंगे। हमारा लक्ष्य अच्छी तैयारी करना और एशिया कप जीतने के इरादे से जाना है।

## क्वालीफाई राउंड में जयपुर के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

जयपुर, 25 जुलाई। सवाई मानसिंह स्टेडियम के इन्डौर बैडमिन्टन हाल में चल रही राजस्थान रैंकिंग बैडमिन्टन टूर्नामेंट मे आज क्वालीफाई राउन्ड के 288 मैच खेल गये। क्वालीफाई राउंड में बॉयज सिंगल्स अंदर-19 , गर्ल्स सिंगल्स अंदर 19, मैन्स सिंगल्स के मैच खेले गए। क्वालीफाई राउंड में आज जयपुर के खिलाड़ियों का दबदबा रहा खेले गए कुछ महत्वपूर्ण मैच में उदयपुर के रिद्धिमान चौहान, चूरू के नमन, अजमेर के रजत राज सिंह, जयपुर का प्रणय शर्मा, अंश अमरनानी, प्रभजोत सिंह सुमित मीणा ने अपना प्रथम क्वालीफाई राउंड पार किया। वही पुरुष एकल में कुछ महत्वपूर्ण मैच में उदयपुर के यथिष्ट चावत, हनुमानगढ के हिमांशु सियाग, बीकानेर के राहुल खत्री ,टॉक के अरनव मिश्रा, अलवर की लोकेश यादव, जोधपुर के देवाशीष प्रजापत, के अलावा जयपुर के पियूष पूनिया अमित गुर्जर हिमांशु गुप्ता जसवंत सिंह पवार विनय प्रताप सिंह सनी जांगिड़ ने पहले क्वालीफाई राउंड पार किया। गर्ल्स सिंगल्स अंदर 19 क्वालीफाई में जयपुर की खुशी वर्मा, रक्षणदा बिष्ट, पूर्वी सियाग, पद्मजा सिंह, एंजेल, अद्विता शर्मा, केअलावा उदयपुर की साक्षी सिंह, झुंझुनू की अन्विता, उदयपुर की सौम्या सिंह ,गौरी शर्मा क्वालीफाई के दूसरे राउंड में पहुंच गए हैं।ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री मनोज दासोत के अनुसार कल क्वालीफाई के सभी राउंड खेले जाएंगे जिसमें सिंगल्स,डबलस, मिक्स्ड डबल्स,बालक, बालिका, महिला व पुरुष के सभी इवेंट खेले जाएंगे।

## चिन्नास्वामी स्टेडियम में नहीं खेलें जाएंगे आईपीएल मैच?

बेंगलुरु, 25 जुलाई। आईपीएल 2026 सीजन के दौरान अब बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोई मैच नहीं खेले जाएंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, बेंगलुरु भगदड़ मामले में जांच आयोग ने इस स्टेडियम में बड़े आयोजनों पर रोक लगा दी है। जिसस आरसीबी को बड़ा झटका लगा है। हालांकि, इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

वहीं, बेंगलुरु भगदड़ मामले में कर्नाटक सरकार ने अब आरसीबी के खिलाफ मुकदमा चलाने की भी इजाजत दे दी है। सरकार का ये फैसला जांच आयोग की रिपोर्ट में आया है, जिसमें आरसीबी और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ को घटना के लिए दोषी बताया गया था। आरसीबी के साथ ही कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ पर भी केस चलाने को मंजूरी मिल गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जांच आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम बड़े आयोजनो के लिए असुरक्षित है। इसलिए वहां पर किसी भी बड़े आयोजन पर रोक लगा दी है।

## चिराग-सात्विक सीधे गेमों में जीत के साथ चाइना ओपन के सेमीफाइनल में

चांगझोउ (चीन), 25 जुलाई। सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी ने मलेशिया के यू सिन ओंग और ई यी तेओ को शुक्रवार को सीधे गेमों में हराकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 चाइना ओपन 2025 के पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

भारतीय जोड़ी ने ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में शानदार प्रदर्शन करते हुए केवल 40 मिनट में 21-18, 21-14 से मैच अपने नाम कर लिया। भारत, सिंगापुर और मलेशिया ओपन में शानदार प्रदर्शन के बाद, यह इस सीजन में उनका चौथा सेमीफाइनल है।

पहले गेम में शानदार शुरुआत के बाद, सात्विक और चिराग ने मलेशियाई जोड़ी के शुरुआती बढत को रोककर 21-18 से गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में, उन्होंने 15-14 की बढत को तोड़ते हुए छह अंक हासिल किए और जीत पक्की कर ली।

अब उनका सामना दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी आरोन चिया और मलेशिया के सोह वूई यिक से होगा, वही जोड़ी जिसने पेरिस 2024 ओलंपिक क्वार्टर फाइनल में उन्हें बाहर कर दिया था।

इससे पहले उन्नित हुड्डा का चाइना ओपन 2025 में शानदार प्रदर्शन महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जापान की अकाने यामागुची से हार के साथ समाप्त हो गया।

विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी ने भारतीय किशोरी को 21-16, 21-12 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

अपने पहले ही बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 इवेंट में खेल रही 17 वर्षीय उन्नित ने अपने निडर प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरीं और बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 इवेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली केवल चौथी भारतीय महिला एकल शटलर बन गईं। उन्नित ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को हराकर चाइना ओपन 2025 के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी थी।

## तन्वी और वेन्नाला व्यक्तिगत चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

सोलो, 25 जुलाई। भारत की युवा शटलर तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला ने इंडोनेशिया के सोलो में आयोजित बैडमिंटन एशिया जूनियर्स व्यक्तिगत चैंपियनशिप 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी ने महिला एकल में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त थलिता रामाधनी विर्यावान को 35 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-19, 21-14 से हराया। तन्वी पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में रही हैं और अब तक उन्होंने सभी जीत सीधे गेमों में हासिल की हैं।

उनके साथ अंतिम चार में वेन्नाला कलागोटला भी हैं, जिन्होंने 58 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में थाईलैंड की जन्यापोर्न मीपंथोंग को कड़ी चुनौती दी। वेन्नाला ने कुछ तेज रैलियों के साथ पहला गेम 21-18 से जीत लिया, लेकिन जन्यापोर्न ने वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-17 से जीत लिया, जिससे मैच निर्णायक गेम में चला गया।

## आरसीए घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 क्रिकेट कैलेंडर घोषित : कुमावत

**पूर्व खिलाडियों की कमेटी व सभी चयन कमेटियों के सुझावों के अनुसार आयोजित होंगी आरसीए की विभिन्न आयु वर्ग की पुरूष-महिला क्रिकेट गतिविधियां**



जयपुर, 25 जुलाई। बीसीसीआई की आगामी राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं की पूर्व तैयारी के लिए राजस्थान एडहॉक कमेटी संयोजक डीडी कुमावत, सदस्य पिंकेश पोरवाल, आशीष तिवारी ने आज आरसीए सीनियर चयन कमेटी सदस्यों की उपस्तिथि में आरसीए के घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 का विभिन्न आयु वर्ग के पुरुष - महिला क्रिकेट कैलेंडर को जारी किया।

संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार आरसीए के घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 का क्रिकेट कैलेंडर को तैयार करने हेतु गठित राज्य के पूर्व पुरुष - महिला खिलाडियों की 14 सदस्यीय कमेटी द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसार आज आरसीए एडहॉक कमेटी ने आरसीए घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 कैलेंडर ( विभिन्न आयु वर्ग की पुरुष - महिला क्रिकेट गतिविधियां व प्रतियोगिता ) घोषित किया।

आरसीए के घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 क्रिकेट कैलेंडर को आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत , सदस्य पिंकेश पोरवाल , आशीष तिवारी ने राजस्थान सीनियर चयन कमेटी सदस्यों की उपस्थितिमें जारी किया किया। संयोजक के अनुसार आरसीए का घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 कैलेंडर बीसीसीआई की राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं के अनुसार एडहॉक कमेटी द्वारा गठित पूर्व खिलाडियों की कमेटी के सुझावों व सभी चयन कमेटियों से चर्चा के बाद घोषित किया गया है जिसमे खिलाडियों प्रतियोगिताओं की पूर्व तैयारियों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखनेका उचित अवसर मिले इसका विशेष ध्यान रखा गया है। संयोजक के अनुसार बीसीसीआई के आगामी राष्ट्रिय क्रिकेट कैलेंडर 2025 - 26 की राष्ट्रिय सीनियर , जूनियर व महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अनुसार आगामी अगस्त - सितम्बर माह में आरसीए के घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 का आगाज आरसीए की राज्य स्तरीय सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी , राज्य स्तरीय सीनियर वीमेन टी20 प्रतियोगिता , राज्य स्तरीय अंडर 19 ट्रॉफी ( पुरुष ) , राज्य स्तरीय अंडर 23 ट्रॉफी ( पुरुष ) , राज्य स्तरीय अंडर 16 ट्रॉफी ( पुरुष ) व अंडर 19 व अंडर 15 वीमेन चयन ट्रायल के आयोजन से होगा।

साथ ही आज आरसीएऑफिस में आयोजित राजस्थान सीनियर चयन कमेटी मीटिंग में सभी सदस्यों नेराज्य स्तरीय सीनियर चैलेंजरट्रॉफी से पूर्व संभावित खिलाड़ियों को प्रतियोगिता की पूर्व तैयारियों हेतु जयपुर में फिटनेस स्किल्स सेशन आयोजित करने का प्रस्ताव आरसीए को दिया व जल्द ही आगामी 1-6 अगस्त को सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी से पूर्व संभावित खिलाडियों का फिटनेस स्किल्स सेशन आयोजित किया जायेगा।

## उदघाटन मैच में राजस्थान यूथ ने मिनर्वा क्लब को हराया

जयपुर, 25 जुलाई। राजीव गांधी क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 34वीं राज्य स्तरीय राजीव गांधी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गए उद्घाटन मैच में राजस्थान यूथ ने मिनर्वा क्रिकेट क्लब को 8 विकेट से हराया। हुकुम सिंह ग्राउंड पर मिनर्वा क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आदित्य के 58 रन, शादाब खान के 46 रन, तुषार चौधरी के 18 रन से 46 ओवर में 170 रन बनाकर आउट हो गई। राजस्थान यूथ के लिए शुभम खंडेलवाल ने 31 पर 3, रोहन सिंह ने 35 पर 3, अनुज मीणा ने 42 पर 2 व आरव माहेश्वरी ने 30 पर एक विकेट लिया।

जवाबी पारी में राजस्थान यूथ ने भुवनेश शर्मा के 84 रन (57 गेंद, 10 चौके व 3 छक्के), अनिल सैनी के 30 रन, अभय शर्मा के नाबाद 53 रन से 22.4 ओवर में 2 विकेट पर 173 रन बनाकर मैच जीत लिया। मिनर्वा क्लब के लिए मोहम्मद बिलाल व नयाफ ने एक - एक विकेट लिया।

## एशियन यूथ गेम्स-बहरीन के संदर्भ में भारतीय ओलम्पिक संघ ने ली बैठक

जयपुर, 25 जुलाई। शुक्रवार को दिल्ली में राज्यसभा सांसद एवं भारतीय ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष डा. पीटी उषा की अध्यक्षता में 22 से 31 अक्टूबर में बहरीन में होने वाले तीसरे एशियन यूथ गेम्स की विभिन्न तैयारियों के संबंध नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन, साई के अधिकारियों, टॉप्स स्कीम के अधिकारी के साथ बैठक हुई। इस अवसर पर भारतीय ओलम्पिक संघ के सीईओ रघुराम अय्यर भी मौजूद थे।



इस बैठक में राजस्थान से राष्ट्रीय खेल महासंघ के पदाधिकारियों वालीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव रामानंद चौधरी एवं हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव पूर्व भारतीय कप्तान एवं महाराणा प्रताप अवार्डी डा. तेजराज सिंह ने भाग लिया। इस समय राष्ट्रीय खेल महासंघों में यह दोनों पदाधिकारी ही राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रहे है। बैठक में मौजूद सभी खेल महासंघों को अपने संभावित खिलाड़ियों की सूची 31 जुलाई तक आईओए को भेजनी है। सभी खेलो के संभावित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर एसोसीएस के अंतर्गत भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत/आयोजित किये जायेंगे। बैठक में इन दोनों पदाधिकारियों ने भारतीय ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष डा. पीटी उषा से मुलाकात की।

# 'सभी जर्जर सरकारी भवनों का तत्काल निरीक्षण कर मरम्मत करायें'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने पिपलोदी हादसे के बाद बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों के भवनों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये

जयपुर, 25 जुलाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर झालावाड़ जिले के पिपलोदी ग्राम के सरकारी स्कूल में हुए दुखद हादसे के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक ली। उन्होंने समस्त जिलों के जिला प्रशासन, सार्वजनिक निर्माण विभाग, कार्यकारी एजेंसी, समसा एवं आरएसआरडीसी सहित, संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी सरकारी भवनों, विशेष रूप से स्कूलों, अस्पतालों सहित अन्य सार्वजनिक भवनों का तत्काल निरीक्षण कर मरम्मत कार्य करवाए जाएं। इसके लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की जाए, जो 5 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

शर्मा ने आगे कहा कि प्रदेश के नागरिकों की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पीपलोदी हादसे से हम सब दुखी हैं। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए ठोस और त्वरित कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए भवनों के निरीक्षण, मरम्मत और रखरखाव पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झालावाड़ के पीपलोदी में सरकारी विद्यालय की छत गिरने से हुआ हादसा दुखद एवं हृदय विदारक है। इस दर्दनाक हादसे में मासूम बच्चों की मृत्यु से मन व्यथित है। राज्य सरकार दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को पिपलोदी ग्राम के सरकारी स्कूल में हुए दुखद हादसे के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सरकारी भवनों का तत्काल निरीक्षण कर मरम्मत कार्य करवाए जाएं।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि जर्जर और उपयोग के लिए असुरक्षित पाए जाने पर भवनों को तुरंत खाली करवाया जाए और प्रभावितों का अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास किया जाए। उन्होंने कहा कि जर्जर स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के लिए वैकल्पिक शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित कर उनके लिए अस्थायी कक्षाओं का संचालन सामुदायिक भवनों या अन्य सुरक्षित स्थानों पर किया जाए।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने बजट 2024-25 में प्रदेश की राजकीय शिक्षण संस्थाओं और 750 विद्यालयों के भवनों की मरम्मत हेतु 250 करोड़ रूपये की बजट घोषणाएं की थी। साथ ही, बजट 2025-26 में भी भवनविहीन व जर्जर विद्यालयों के नवीन भवनों के निर्माण और मरम्मत कार्य के लिए 375 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया था।

- **मुख्यमंत्री ने कहा कि असुरक्षित पाये जाने वाले भवनों को तुरंत खाली करवा कर प्रभावितों को अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास किया जाना चाहिये। गत दो बजट में राज्य सरकार ने विद्यालयों के भवन निर्माण व मरम्मत कार्यों के लिए 625 करोड़ रूपयों का आवंटन किया है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों की मरम्मत और रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए।

बैठक के दौरान, पीपलोदी हादसे पर दो मिनट का मौन रखकर मृतक बच्चों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित, विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे तथा वीसी के माध्यम से संभागीय आयुक्तगण, जिला कलक्टर्स एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी जुड़े।

# सरकार ने 25 ओटीटी चैनल बैन किए

नई दिल्ली, 25 जुलाई। भारत सरकार ने डिजिटल कंटेंट में बढ़ रही अश्लीलता को लेकर अब एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने कथित तौर पर अश्लीलसामग्री दिखाने के लिए 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म और उनके संबंधित मोबाइल एप्लिकेशन पर बैन लगा दिया है। इनमें उल्लू, एल्ट, देसीफ्लिक्स और बिग शॉट्स जैसे लोकप्रिय नाम शामिल हैं।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अलग-अलग जांच एजेंसियों से पूरी जानकारी हासिल करने के बाद यह फैसला लिया है।

- **इनमें ऑल्ट, उल्लू, बिग शॉट्स, ड्रीम फिल्म्स आदि बड़े नाम शामल हैं। आरोप है कि इन पर अश्लील सामग्री प्रसारित की जा रही थी।**

मंत्रालय की ओर से कहा गया कि इस कदम का उद्देश्य अश्लील और भारतीय कानूनी एवं सांस्कृतिक मानकों का उल्लंघन करने वाले कंटेंट के दिखाए जाने पर रोक लगाना है।

प्रतिबंधित एप्लिकेशन की लिस्ट में प्राइम प्ले, हंटर्स, ड्रीम फिल्म्स, रंगीन और नियोनएक्स वीआईपी भी शामिल हैं। इन प्लेटफॉर्म की अक्सर अपने अश्लील कंटेंट और एडल्ट सीरीज को लेकर आलोचना की जाती रही है, जिसके चलते ये प्लेटफॉर्म अक्सर निशाने पर भी रहते हैं।

# करौली में मारुति वैन-पिकअप भिड़ंत में चार महिलाओं की मौत

## दुर्घटना में चार मृतक व 14 घायल जाटव परिवार के तथा एक ही कुटुंब के थे

करौली, 25 जुलाई (निंसं.)। ईको वैन और एक पिकअप की आमने-सामने की टक्कर में चार महिलाओं की दर्दनाक मृत्यु हो गई। इस हादसे में 11 महिलाएं, तीन पुरुष और तीन बालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक व्यक्ति को उपचार के लिए जयपुर अस्पताल के लिए रैफर किया।

- **हिण्डौन के बेड़ा वनकी गाँव व मुडियांकापुरा के 17 लोग, महिला, पुरुष व बच्चे, एक वैन में करौली के पास माची गाँव में तीये की बैठक में शामिल होने गये थे। लौटते समय गुड़ला गाँव के पास पिकअप से सीधी भिड़ंत हो गई।**

हिण्डौन क्षेत्र के बेड़ा वनकी गांव और मुड़ियांकापुरा निवासी एक वैन में करीब 17 महिला पुरुष और बच्चे करौली के पास माची गांव में एक रिश्तेदार महिला की मृत्यु के बाद तीए की बैठक में आए थे। वापस लौटते समय, करौली हिण्डौन सड़क मार्ग पर गुडला गांव के पास सड़क पर सामने से आ रही पिकअप गाड़ी से वैन की जोरदार भिड़ंत हो गई। दोनों वाहनों की टक्कर को देख घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे, जहां से लोगों की मदद एवं निजी वाहनों से घायलों को करौली सामान्य चिकित्सालय लाया गया, जिनमें से चार महिलाएं गुड्डी पत्नी विनोद 35, कमला पत्नी रेवती 40, शकुंतला पत्नी कजोड़ी जाटव 60 व मछला पत्नी जगदीश 40 को ड्यूटी डॉ. ने मृत घोषित कर दिया। इनके अलावा, वाहन चालक दरव सिंह 50 गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उपचार के लिए जयपुर रैफर कर दिया। बाद में शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिये। घटना की गंभीरता को देखते हुए, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम, सदर थाना अधिकारी रामदीन शर्मा पुलिस बल के साथ सामान्य चिकित्सालय पहुंचे। मृतक और घायल एक जाति विशेष जाटव परिवार के और एक ही कुटुंब के थे। इधर जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने भी अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकेश मीणा को घायलों को अच्छा उपचार देने के निर्देश दिए।

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

धनखड़ द्वारा विपक्ष के प्रस्ताव का उल्लेख किए जाने को उनके चौंकाने वाले इस्तीफे का एक बड़ा कारण माना जा रहा है। हालांकि पूर्व उपराष्ट्रपति ने, स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए, पद छोड़ दिया। सोमवार को उनके इस्तीफे के बाद सरकारी सूत्रों ने कहा कि यदि धनखड़ ने प्रस्ताव स्वीकार करने के अपने इरादे के बारे में सरकार को पहले ही बता दिया होता, तो सत्तारूढ़ दल के सांसदों ने भी प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिये होते, जिससे जनता की नजर में भाजपा को इस महाभियोग की पहल करने का श्रेय मिल जाता। इस बीच, चुनाव आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार, भारत को अगस्त के अंतिम सप्ताह तक नया उपराष्ट्रपति मिल जाएगा।

## सोमवार से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रणनीति बदल दी है, वह अभी तक बिहार के मतदाता सूची पुनरीक्षण मुद्दे पर ध्यान केन्द्रित कर रहा था और अब, प्रधानमंत्री मोदी के शनिवार को विदेश यात्रा से लौटने के बाद, ऑपरेशन सिंदूर पर ध्यान देने की योजना बना रहा है। इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन संसद के भीतर और परिसर में, दोनों जगह जारी हैं।

# इंदिरा गांधी को पीछे छोड़ लगातार प्रधानमंत्री पद पर बने रहने वाले दूसरे प्र.मंत्री बने मोदी

## मोदी पहले गैर कांग्रेसी नेता हैं जो सबसे लम्बे समय तक प्रधानमंत्री रहे हैं

नई दिल्ली, 25 जुलाई। नरेंद्र मोदी 25 जुलाई यानी आज लगातार सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले देश के दूसरे प्रधानमंत्री बन गए। पीएम मोदी ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। अभी तक लगातार सबसे लंबे समय तक (16 वर्ष 286 दिन) प्रधानमंत्री के पद पर रहने का रिकॉर्ड जवाहर लाल नेहरू के पास है।

प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को अपने कार्यकाल के 4078 दिन पूरे कर लेंगे। इंदिरा गांधी 24 जनवरी, 1966 से 24 मार्च, 1977 तक लगातार 4077 दिन प्रधानमंत्री रही थीं। अगर राज्य और केंद्र में सरकार का नेतृत्व करने की बात करें तो नरेंद्र मोदी का सभी प्रधानमंत्रियों के बीच एक अलग रिकॉर्ड है। वह गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में 24 वर्षों तक सरकार का नेतृत्व कर चुके हैं।

- **अगर सरकार का नेतृत्व करने की बात की जाए तो मोदी के नाम एक विशेष रिकॉर्ड है। वे मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रुप में 24 साल तक सरकार का नेतृत्व कर चुके हैं।**
- **इंदिरा गांधी 24 जनवरी 1966 से 24 मार्च 1977 तक लगातार 4077 दिन तक प्रधानमंत्री रही थी और मोदी शुक्रवार को प्रधानमंत्री पद पर 4078 दिन पूरे कर चुके हैं।**

नरेंद्र मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिनका जन्म देश की स्वतंत्रता के बाद हुआ। वह सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले और प्रधानमंत्री पद पर दो कार्यकाल पूर्ण करने वाले पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री भी हैं। उनके नाम लगातार दो बार निर्वाचित होने वाले पहले और एकमात्र गैर-कांग्रेसी प्रधानंत्री होने का रिकॉर्ड भी है।

पीएम मोदी लोकसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत हासिल कर सरकार बनाने वाले पहले और एकमात्र गैर-कांग्रेसी नेता भी हैं। वह इंदिरा गांधी (1971) के बाद पूर्ण बहुमत के साथ दोबारा चुने जाने वाले वे पहले प्रधानमंत्री हैं। पंडित नेहरू के अलावा वह एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने किसी पार्टी के नेता के रूप में लगातार तीन आम चुनाव जीते हैं।

# उपराष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया शुरु

नयी दिल्ली, 25 जुलाई। चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए राज्यसभा के महासचिव प्रमोद चंद्र मोदी को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है और उनकी सहायता के लिए राज्यसभा सचिवालय में संयुक्त सचिव गरिमा जैन और निदेशक विजय कुमार को सहायक निर्वाचन अधिकारी बनाया है। आयोग ने इस संबंध में गजट अधिसूचना शुक्रवार को जारी की। आयोग ने कहा कि उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत, विधि एवं न्याय मंत्रालय के साथ परामर्श करके इस चुनाव के संबंध में निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है।

- **राज्यसभा महासचिव बनाये गये निर्वाचन अधिकारी**

## मानवाधिकार ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

से बच्चे दुर्घटना के शिकार हो गए। ऐसे में यह जरूरी है कि घटना के दोषियों को सजा मिले ओर पीड़ित पक्ष को उचित क्षतिपूर्ति दी जाए।

# सिंहस्थ कुम्भ के लिए नासिक के समीपवर्ती 5 रेल्वे स्टेशन विकसित होंगे

## सिंहस्थ कुम्भ में तीन करोड़ से ज्यादा लोगों के आने की संभावना है

नयी दिल्ली, 25 जुलाई। महाराष्ट्र के नासिक-त्र्यंबकेश्वर में 2027 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ कुंभ के मद्देनजर, रेलवे 1.011 करोड़ रुपये की लागत से आसपास के पांच रेलवे स्टेशनों को विकसित करेगा।

जिन स्टेशनों को विकसित किया जाना है, उनमें नासिक रोड, देवलाली, ओढ़ ा, खेरवाड़ी और कसबे सुकेणे शामिल हैं।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने शुक्रवार को सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा की। मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, भुसावल मंडल के मंडल रेल अधिकारी (डीआरएम) और अन्य अधिकारियों ने मंत्रियों तथा रेलवे बोर्ड को इसकी योजना और कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में जानकारी दी।

वैष्णव ने अधिकारियों से महाकुंभ 2025 के अनुभव से प्राप्त सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने अधिकारियों को नासिक के सभी निकटवर्ती स्टेशनों पर पर्याप्त सुविधायें विकसित करने की सलाह दी।

- **रेल्वे एक राउण्डट्रिप सर्किट ट्रेन भी चलाएगा, जो तीन ज्योतिर्लिंगों, त्रयम्बकेश्वर, ओकांरेश्वर व घृष्णेश्वर को आपस में जोड़ेगी।**

इसके अलावा, सभी पांचों स्टेशनों पर विभिन्न यात्री सुविधाओं के विकास की योजना है। इनमें कवर्ड ओवर प्लेटफॉर्म, पानी की टंकियां, नये शौचालय और वाटरप्रूफ होल्डिंग एरिया शामिल हैं। सर्कुलेटिंग एरिया, रास्ते, प्रवेश/निकास मार्ग और यात्री सूचना प्रणालियों को भी उन्नत करने की योजना है। सिंहस्थ कुंभ में तीन करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों के आने की संभावना है, जिसे देखते हुए रेलवे बहुत अधिक संख्या में विशेष रेलगाड़ियां चलाने की योजना बना रहा है। एक राउंड-ट्रिप विशेष सर्किट ट्रेन भी चलायी जाएगी। यह तीन ज्योतिर्लिंगों- त्र्यंबकेश्वर, घृष्णेश्वर और ओंकारेश्वर को जोड़ेगी।

तीर्थयात्रियों की सुचारु आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक प्रमुख स्टेशन पर बड़े होल्डिंग एरिया विकसित किये जा रहे हैं। एक केन्द्रीयकृत कमान और नियंत्रण केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव है। यह प्रभावी निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों और पूर्वानुमानित समय-निर्धारण के लिए एआई उपकरणों से सुसज्जित होगा। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे, तैयारियों को लेकर महाराष्ट्र सरकार के साथ निरंतर संपर्क में है।

# कोचिंग सेंटर्स के लिए सुप्रीम कोर्ट ने दिए 15 निर्देश

नयी दिल्ली, 25 जुलाई। उच्चतम न्यायालय ने आत्महत्या की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को दो महीने के भीतर निजी कोचिंग सेंटरों का पंजीकरण कराने सहित, 15 बाध्यकारी निर्देश जारी किए।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के अभ्यर्थी 17 वर्षीय एक छात्र की मृत्यु के मामले में सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिए।

विशाखापत्तनम में छात्र की अपने छात्रावास की छत से गिरने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। यह दुखद घटना जुलाई में विशाखापत्तनम स्थित आकाश-बायजू संस्थान में हुई थी।

पीठ ने मृतक के पिता सुकदेब साहा की याचिका पर फैसला सुनाते हुए, स्कूलों, कॉलेजों और कोचिंग सेंटरों में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए ये दिशानिर्देश जारी किए। अदालत ने इसके अलावा केन्द्र सरकार को 90 दिनों के भीतर एक हलफनामा दाखिल कर अनुपालन के संबंध में जानकारी देने का भी निर्देश दिया।

## "उदयपुर फाइल्स" को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

याचिकाकर्ता हाईकोर्ट में जाकर बहस करें। हमने पहले ही 12 दिन खो दिए हैं। प्राधिकरण ने भी आदेश पारित कर दिया है।"

इस पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने हल्के-फुल्के अंदाज़ में कहा, "12 दिन कोई नुकसान नहीं, जितनी पब्लिसिटी, उतना फिल्म को फायदा।"

हालाँकि भाटिया ने मदनी का हवाला देते हुए कहा, ऐसे लोग हमेशा 'सुपर सेंसर' की तरह काम करते हैं और फिल्म रिलीज़ पर रोक लगाने की कोशिश करते हैं।

"1200 स्क्रीन बुक थीं, पैसा निवेश हो चुका है। हम किस बात को बढ़ावा दे रहे हैं? कि किसी की भावनाएं आहत हों और सीधे कोर्ट से स्टे ले आएं?"

अंततः सुप्रीम कोर्ट ने कोई अंतिम निर्णय नहीं दिया, बल्कि हाईकोर्ट को विवेकानुसार निर्णय लेने की छूट दी।

कोर्ट ने आदेश में कहा: "यह स्पष्ट किया जाता है कि इस न्यायालय ने मामले के गुण-दोष पर कोई राय नहीं दी है। हाईकोर्ट स्वतंत्र है, जो भी आदेश उचित समझे, पारित कर सकता है।"

## धनखड़ को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

धनखड़ को उनके इस्तीफे के कुछ दिनों के बाद यह निमंत्रण दिया है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि पूर्व उपराष्ट्रपति विपक्ष न्योते पर डिनर में जाएंगे, इसकी संभावना न के बराबर है।(विपक्षी दलों की ओर से राज्यसभा के वर्किंग एडवाइजरी कमेटी की बैठक इस मुद्दे को जोरशोर से उठाया गया। विपक्ष ने कहा कि 74 वर्षीय धनखड़ को राज्यसभा में अपना विदाई भाषण तक देने का मौका नहीं मिला। इसी मुद्दे को और जोर देने के लिए विपक्षी दलों ने एक विशेष फेयरवेल डिनर का आयोजन किया है।

# गाज़ियाबाद की जूलरी शॉप में करोड़ों की लूट

गाजियाबाद, 25 जुलाई। गाजियाबाद के लिंक रोड थाना क्षेत्र में डिलीवरी बॉय वेश में आए हथियारबंद बदमाशों ने गुरुवार को दिनदहाड़े एक ज्वेलरी शोरूम में घुसकर गन प्वाइंट पर लाखों के गहने और नगदी लूट ली। लूटपाट की यह घटना ज्वेलरी शोरूम के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

बृज विहार में कृष्ण कुमार वर्मा की मानसी ज्वेलर्स नाम से ज्वेलरी की दुकान है। गुरुवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे दो बदमाश बाइक से दुकान पर पहुंचे। उन्होंने स्विगी और ब्लिंकिट जैसी डिलीवरी कंपनियों की यूनिफॉर्म पहन रखी थी। जब वे दुकान में घुसे, तब दुकान में कृष्ण कुमार का बेटा शुभम वर्मा और एक कर्मचारी मौजूद था। शुभम वॉशरूम गया था और कर्मचारी काउंटर पर बैठा था। बदमाशों ने अंदर घुसते ही कर्मचारी को पिस्टल दिखाकर धमकाना शुरू कर दिया। इसी दौरान शुभम वापस आ गया। बदमाशों ने उसे भी पिस्टल दिखाकर डराया और मारपीट की। इसके बाद, दोनों बदमाशों ने दुकान में रखे करीब 20 किलो चांदी, 125 ग्राम सोने के गहने और 20 हजार रुपये नकद दो बैगों में भर लिए। लूट के बाद बदमाश पिस्टल के दम पर शुभम और कर्मचारी को दुकान के बाहर ले गए और बाइक से फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद शुभम ने तुरंत अपने पिता और पुलिस को फोन किया। पुलिस मौके पर पहुंची और शुभम से पूरी घटना की जानकारी ली। पुलिस के मुताबिक, लूट की जानकारी शाम करीब 4 बजे मिली। शुरुआती जांच में सामने आया है कि पूरी वारदात सिर्फ 6 मिनट में अंजाम दी गई। जांच के लिए दो टीमें बनाई हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और बदमाशों की बाइक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

- **लुटेरे स्विगी व ब्लिंकिट के डिलीवरी बॉय बनकर दुकान में घुसे थे**
- **बदमाशों ने 20 किलो चांदी, 125 ग्राम सोने के आभूषण तथा 20 हजार रुपए लूटे हैं। मात्र 6 मिनट में लूटपाट कर वे बाइकों से फरार हो गए।**

जांच में यह भी सामने आया है कि बाइक पर जो नंबर प्लेट लगी थी, वह फर्जी थी। साथ ही बदमाश दिल्ली की ओर से आए थे। सीसीटीवी वीडियो में साफ दिख रहा है कि बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर दुकान में मौजूद लोगों के साथ मारपीट भी की। घटना का पूरा 6 मिनट का वीडियो सामने आया है, जिसे पुलिस सुराग जुटाने के लिए इस्तेमाल कर रही है।

## सरकारी स्कूल की बिल्डिंग गिरा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लेकर भागने लगे तो ग्रामीणों ने रोककर गाड़ियों के कांच तोड़ दिए। कुछ पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करने की बात भी सामने आ रही है।

बाद में, पुलिस ने लाठियां फटकारीं और लोगों को खदेड़ा। लोग पहाड़ियों पर जा चढ़े। मौके पर पुलिस का बड़ी तादाद में जाप्ता तैनात है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आने की भी सूचना थी, जिसके कारण प्रदर्शनकारी और ज्यादा उग्र हो गए। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी रास्ता बदलकर दूसरे रास्ते से मनोहर थाना पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय के स्टाफ द्वारा लगातार ग्रामीणों की शिकायत को दरकिनार किया जा रहा था और ग्रामीणों के मना करने के बाद भी इमारत में बच्चों को बिठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि उन लोगों ने जब विरोध जताया तो स्कूल के स्टाफ ने उन्हें पुलिस कार्रवाई की धमकी भी दी।

जानकारी के अनुसार, मामले में एक्शन लेते हुए राजस्थान सरकार के निर्देशों पर शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय के स्टाफ को निलंबित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, मीना गर्ग, जावेद अहमद, रामविलास लववंशी, कन्हैयालाल सुमन और बद्रीलाल लोधा को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार ने स्कूल के स्टाफ पर कार्यवाही करके इतिश्री कर ली है, जबकि बड़े अधिकारियों पर भी कार्यवाही होनी चाहिए, क्योंकि ग्रामीणों द्वारा विधायक गोविंद रानीपुरिया, जिला प्रशासन के आला अधिकारी एवं सभी स्थानीय अधिकारियों को बार-बार स्कूल की हालत से अवगत करवाया गया था, लेकिन किसी ने कोई संज्ञान नहीं लिया, सब आश्वासन ही देते रहे और यह हादसा हो गया।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मनोहर थाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) में हादसे में घायल बच्चों का हालचाल पूछा, भर्ती छात्रों की कुशलक्षेम पूछी और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने घायलों के परिजनों से बातचीत कर उन्हें ढांढ़स बंधाया और सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और शोक संतप्त परिवारों के साथ अपनी पूरी सहानुभूति जताई। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। शिक्षा मंत्री ने अस्पताल प्रशासन और चिकित्सकों को निर्देश दिए कि इलाज में कोई कमी न रह जाए और सभी आवश्यक संसाधन तुरंत उपलब्ध कराए जाएं।

## विपक्ष ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और कई अन्य दलों के सांसद शामिल हुए।

विपक्षी सांसद बैनर लेकर चल रहे थे जिसमें 'एसआईआर- लोकतंत्र पर वार' लिखा हुआ था। उन्होंने 'एसआईआर वापस लो' और 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाये।

## एसआई ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ट्रेनी एसआई सहित, अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ऐसे में भर्ती परीक्षा को रद्द किया जाए। दूसरी ओर, राज्य सरकार का कहना है कि पेपर लीक को लेकर व्यापक स्तर पर जांच चल रही है और अभी भर्ती रद्द नहीं की जा सकती।

# सावरकर पर बयान के मामले में राहुल को सुप्रीम कोर्ट से राहत

नयी दिल्ली, 25 जुलाई। उच्चतम न्यायालय ने वीर सावरकर पर विवादास्पद बयान देने के मामले में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को दी गई राहत जारी रखते हुए निचली अदालत के समन पर शुक्रवार को अंतरिम रोक की अवधि अगली सुनवाई तक बढ़ ा दी।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने कांग्रेस नेता गांधी की विशेष अनुमति याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए कहा कि वह इससे मामले में चार सप्ताह बाद अगली सुनवाई करेगी।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने निचली अदालत के समन पर रोक लगाने से इनकार करने वाले इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को विशेष अनुमति याचिका के जरिए चुनौती दी है।

- **सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के सम्मन पर अंतरिम रोक की अवधि अगली सुनवाई तक बढ़ा दी है।**

गांधी ने अधिवक्ता प्रसन्ना एस के माध्यम से दायर अपनी याचिका में दलील दी है कि शिकायत और निचली अदालत (मजिस्ट्रेट) का आदेश धारा 153 ए और 505 भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत किसी भी अपराध का खुलासा नहीं करता है। याचिका में यह भी कहा गया है कि मजिस्ट्रेट का संज्ञान आदेश स्पष्ट रूप से त्रुटिपूर्ण है। यह शीर्ष न्यायालय द्वारा स्थापित कानून के विपरीत है। याचिका में दलील दी गई है कि उनकी (राहुल गांधी) टिप्पणियाँ एक राजनीतिक भाषण का हिस्सा थीं। इसका उद्देश्य किसी भी तरह से शत्रुता या घृणा फैलाना नहीं था। याचिका में यह भी कहा गया है कि उनके खिलाफ अदालती कार्यवाही वास्तव में उनकी स्वतंत्रता को बाधित करने का एक प्रयास है। दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश सरकार ने गांधी पर लगाए गए आरोपों के संबंध जारी अदालती समन का समर्थन किया है। राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत के समक्ष एक हलफनामा के जरिए अपना जवाब दाखिल किया है।

# मानव रहित यान से मिसाइल का सफल ट्रायल

हैदराबाद, 25 जुलाई। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में राष्ट्रीय ओपन एरिया रेंज (एनओएआर) से उन्नत मानवरहित हवाई वाहन से प्रक्षेपित सटीक निर्देशित मिसाइल (यूएलपीजीएम)-वी3 का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया है। यूएलपीजीएम-वी3 पहले से विकसित यूएलपीजीएम-वी2 मिसाइल का उन्नत संस्करण है। यह मिसाइल तीन प्रकार के मॉड्यूलर वॉरहेड प्रदान करती है, जिसमें एंटी-आर्मर कॉन्फ़िगरेशन भी शामिल है, जो रोल्ड होमोजीनियस आर्मर (आरएचए) और एक्सप्लोसिव रिएक्टिव आर्मर (ईआरए) से सुसज्जित आधुनिक बख्तरबंद वाहनों को निष्क्रिय करने में सक्षम है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908